


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 142 | ग्वालियर शनिवार, 11 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### होली पर जापान की युवती से दिल्ली में बदसलूकी, जबरदस्ती लगाया रंग और फोड़ा अंडा, पुलिस ने शुरू की जांच

होली के दिन जापानी युवती को रंग लगाने के दौरान बदसलूकी



का एक वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में दिख रहा है कि कुछ युवक जब युवती पर रंग लगा रहे हैं तो वो काफी असहज दिख रही हैं. इसी दौरान एक शख्स ने उसके सिर पर अंडा फोड़ देता है. इस पर लड़की %बाय-बाय% बोल रही है. इसके बावजूद लड़के बदतमीजी करते दिख रहे हैं. इस घटना पर दिल्ली पुलिस ने कहा है कि हम जांच कर रहे हैं. साथ ही पुलिस ने कहा कि वह यह भी तहकीकात कर रही है कि यह वीडियो पुराना तो नहीं है.दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि वो मामले को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस भेज रही है कि वो वीडियो देखे और बदतमीजी करने वाले को गिरफ्तार करे. उन्होंने कहा कि काफी शर्मनाक है कि होली के दिन किसी विदेशी महिला के साथ ऐसा हो रहा है. वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग (ह्रष्टङ्ख) ने भी वीडियो ट्वीट कर दिल्ली पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की है.

### सिडनी में पुलिस ने भारतीय नागरिक को मारी गोली, 32 साल के अहमद की हुई मौत

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में पुलिस ने गोली मारकर एक भारतीय नागरिक की हत्या कर दी. भारत ने मारे गए व्यक्ति की पहचान तमिलनाडु निवासी मोहम्मद रहमतुल्लाह सैयद अहमद के रूप में की है. 32 वर्षीय एक भारतीय नागरिक पर एक रेलवे स्टेशन पर सफाईकर्मी को कथित तौर पर चाकू मारने और कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमले की कोशिश का आरोप लगा था. मारा गया भारतीय नागरिक ब्रिजिंग वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में रह रहा था. भारत ने इस घटना को परेशान करने वाली और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है. भारत का कहना है कि औपचारिक रूप से विदेश मामलों और व्यापार विभाग, न्यू साउथ वेल्स कार्यालय के साथ-साथ राज्य पुलिस अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है. इस मामले पर रिपोर्ट भी मांगी गई है. सिडनी मॉर्निंग




हेराल्ड अखबार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अहमद ने ऑबर्न पुलिस स्टेशन पहुंचने से पहले सिडनी के ऑबर्न स्टेशन पर एक 28 साल के क्लीनर पर कथित तौर पर हमला किया. इसके बाद उसका सामना दो पुलिस अधिकारियों से हुआ. इन दोनों पर भी उसने हमला करने की कोशिश की. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी ने सैयद अहमद पर तीन गोली चलाई. इनमें से दो गोली अहमद के सीने में लगीं. इसके बाद पैरामेडिक्स ने अहमद का मौके पर इलाज किया और उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. अहमद की पुलिस के साथ पिछली पांच बार बातचीत हुई थी जिनमें से सभी गैर-आपराधिक और कोविड-19 से जुड़ी थीं. न्यू साउथ वेल्स पुलिस के सहायक आयुक्त स्टुअर्ट स्मिथ ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अधिकारियों के पास बस कुछ सेकंड थे और अहमद को गोली मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था. उन्होंने कहा कि वह इन अधिकारियों का पूरा समर्थन करते हैं. पुलिस अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या अहमद को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी थी.

### बॉम्बे हाईकोर्ट के बाहर कस्टडी को लेकर ड्रामा

बॉम्बे हाईकोर्ट में मंगलवार (28 फरवरी) को एक 11 साल के बच्चे की कस्टडी को लेकर खूब बवाल हुआ. जिस वक्त बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी उसी दौरान बच्चे ने अपने पिता से दूर भागने की कोशिश की और जोर-जोर से चिल्लाने लगा. बच्चा भागने का प्रयास कर रहा था और उस समय कोर्ट में खड़े पुलिसकर्मियों ने व्यक्ति की मदद की. 11 वर्षीय बच्चे की मां का कुछ साल पहले कैंसर के कारण निधन हो गया था. अपनी मां के निधन के बाद से वो अपने नाना और मामा के साथ रह रहा था. इसी वजह से उसके पिता ने कोर्ट के माध्यम से कस्टडी की मांग की थी. बॉम्बे हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे की कस्टडी उसके पिता को दे दी थी, लेकिन बच्चे ने जाने से इनकार कर दिया था. उसके बाद पिता ने अवमानना याचिका दायर की थी, जिस पर मंगलवार को जस्टिस एएस गडकरी और पीडी नाइक की बेंच सुनवाई कर रही थी. बेंच ने पुलिस को आदेश दिया कि कोर्ट परिसर में ही बच्चे की कस्टडी पिता को दे दी जाए.

## पीएम मोदी बोले- मंदिरों पर हमलों से भारत दुखी और चिंतित है, ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने दिया ये जवाब



अहमदाबाद में क्रिकेट मैदान से दोस्ती की टीम दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत दौरे पर आए ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मिले.दोनों मुल्कों की रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के वादों और इरादों के साथ ही एक अहम मुद्दा था बीते कुछ हफ्तों में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की घटनाएं. द्विपक्षीय बातचीत की मेज पर जहां पीएम मोदी ने मामले को प्रमुखता से उठाया. वहीं अल्बनीज ने कार्रवाई का भरोसा देने के साथ ही रोकथाम के लिए दोनों पक्ष की कानूनी एजेंसियों के बीच तालमेल पर रजामंदी बनी.

पीएम मोदी ने क्या कहा? अल्बनीज से द्विपक्षीय वार्ता के बाद मीडिया कैमरों से रूबरू हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ सप्ताहों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं. स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं.विदेश सचिव विनय क्वात्रा के मुताबिक, पीएम मोदी ने जब मदिरों में पर तोड़फोड़ की हालिया घटनाओं का मुद्दा उठाया तो अल्बनीज गंभीरता से लिया. उन्होंने आश्वासन दिया कि ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत ऐसी किसी घटना के लिए कानूनी कार्रवाई जरूर होगी. क्वात्रा ने बताया कि बातचीत में इस बात को भी स्वीकार किया गया कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक सौहार्द खराब होता है. लिहाज़ा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है. बताया जाता है कि हाल के दिनों में भारत ने ऑस्ट्रेलिया धरती पर सक्रिय खालिस्तानी तत्वों और उनकी गतिविधियों पर खुफिया जानकारियों का एक डॉजियर भी साझा किया है. साथ ही ऑस्ट्रेलिया सरकार से यह आग्रह किया गया कि उसकी धरती पर रहते हुए भारत के खिलाफ अलगाववादी गतिविधियां चला रहे इन तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. ध्यान रहे कि बीते करीब दो महीनों के दौरान सात से अधिक हिंदू पूजा स्थलों पर तोड़फोड़ और उन्हें खराब करने के मामले सामने आए हैं. इनमें सिडनी,ब्रिसबेन, मेलबर्न समेत कई शहरों में बने हिंदू मंदिरों से जुड़े मामले शामिल हैं. इन घटनाओं के पीछे ज्यादातर खालिस्तानी तत्वों की ही भूमिका सामने आई है. भारतीय समुदाय के लोगों की शिकायत है कि अभी तक किसी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं हुई है

### कानपुर में फिर दिखी दरिंदगी, छह साल की बच्ची का शव खेत में मिला

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कानपुर में फिर से एक बच्ची का शव सुनसान खेत में मिलने से सनसनी फैल गई है. जानकारी के मुताबिक, सजेती थाना क्षेत्र में मंगलवार को अनुसूचित जाति की छह वर्षीय बच्ची का शव एक खेत से बरामद हुआ. एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि बच्ची की हत्या से पहले उसका यौन उत्पीड़न किया गया है. वहीं, अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकिता शर्मा ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में चंद्रभान, उसकी पत्नी सुधा और भाई सुल्तान सहित तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है, इन सभी से पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि यह बच्ची 25 फरवरी को अपने घर से यह कहकर निकली थी कि वह उसी गांव में रहने वाले अपने चाचा के घर जा रही है.

### क्या तेलंगाना में तय समय से पहले होगा चुनाव? सीएम केसीआर से साफ किया रुख

तेलंगाना में तय समय से पहले चुनावों को लेकर चल रही अफवाहों के बीच राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया



है. उन्होंने कहा है कि तेलंगाना में चुनाव निर्धारित समय पर ही होंगे. इस बात की जानकारी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के एमएलसी कौशिक रेड्डी ने शुक्रवार (10 मार्च) को अपनी पार्टी के नेता के हवाले से कही है.उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई के साथ हुई बातचीत में कहा, ÷समय से पहले चुनाव नहीं होंगे. बीआरएस तय समय के मुताबिक ही चुनाव कराएगी. राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने कहा कि प्रदेश भर में पदयात्राएं निकाली जाएं


## कांग्रेस और लेफ्ट के नेताओं के काफिले पर हमला, सांसद का दावा- बीजेपी के कार्यकर्ताओं का है हाथ

त्रपुरा की राजधानी अगरतला में कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक के काफिले पर पथराव और हमला हुआ है. असम से कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और वामपंथी नेताओं के एक समूह पर हमला हुआ. उन्होंने कहा, ÷वे बीजेपी कार्यकर्ता हैं और उन्होंने हम पर हमला किया और पथराव किया. हमारे 3-4 वाहनों में तोड़फोड़ की गई है. मामले में पुलिस ने कुछ नहीं किया. हमें एहसास हुआ कि त्रिपुरा में कानून का कोई राज नहीं है.÷दरअसल, त्रिपुरा में चुनाव के बाद हुई हिंसा का जायजा लेने के लिए



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस के नेताओं का जांच दल शुक्रवार को यहां पहुंचा था. सीपीआई के सांसद बिनय विश्वम ने गुरुवार को ट्वीट किया था कि टीम 12 मार्च तक यहां रुक सकती है, जिसके बाद यह रिपोर्ट पेश करेगी और 13 मार्च से शुरू हो रहे संसद के सत्र में इस मामले को उठाएगी.राज्य सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता पवित्र कार के मुताबिक, प्रतिनिधिमंडल को तीन टीमों में विभाजित किया गया था,

## अखिलेश यादव पर केशव प्रसाद मौर्य का बड़ा दावा



**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में एक आरोपी की समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ वायरल हो रही तस्वीर को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य उन पर हमला बोला है. डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा अभी तो उमेश पाल के हत्या के साजिशकर्ता के साथ अखिलेश यादव की फोटो दिखाई दे रही है. आने वाले समय में जितने भी बड़े बड़े अपराधों के खुलासे होंगे. उन अपराधियों के साथ समाजवादी पार्टी के रिश्ते नाते जगजाहिर हो जाएंगे. इन्होंने हमेशा अपराधियों का संरक्षण किया है. उन्हें बढ़ावा दिया है उन्हें राजनीति में लाने का काम किया है. केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इन अपराधियों की वजह से उत्तर प्रदेश में एक विधायक के हत्यारे के खिलाफ मुख्य गवाह की दिनदहाड़े हत्या हुई. उन्हें सरकार ने सुरक्षा भी दे रखी थी. उमेश पाल को मैं व्यक्तिगत तौर से भी जानता हूं. वह एक संघर्षशील और बहुत सामाजिक व्यक्ति थे. काफी समय से वो बीजेपी से भी जुड़े थे. लेकिन जिस तरह उनकी हत्या की गई उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी घटना है और बहुत दुखद है. समाजवादी पार्टी का ऐसे अपराधियों और साजिश रचने वालों के साथ अगर संबंध उजागर हो रहे तो किसी के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है. समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के एनकाउंटर पर सवाल उठाने को लेकर डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि यह अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक का मामला नहीं है. यह बहुत गंभीर मामला है.

## रिजनों को दें 20-20 लाख मुआवजा%, 29 साल पहले आर्मी ऑपरेशन के दौरान हुई 5 युवकों की मौत मामले में हाई कोर्ट का फैसला

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने गुरुवार (9 मार्च ) को एक बड़ा फैसला सुनाया. उच्च न्यायालय ने 29 साल पहले असम के तिनसुकिया जिले में सेना के एक अभियान में मारे गए पांच युवकों के परिवारों को मुआवजा देने का फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये दिए जाएं. न्यायमूर्ति अचिंत्य मल्ला बुजोर बरुआ और रॉबिन फुकन की बेंच ने कहा, ÷न्याय के हित में हम सेना के अधिकारियों के माध्यम से भारत संघ को पांच मृतकों के परिवार के सदस्यों को पर्याप्त मुआवजे का भुगतान करने का आदेश देते हैं.÷ कोर्ट ने दो महीने के भीतर मुआवजे का भुगतान करने का आदेश दिया है. इतना ही नहीं मुआवजा परिवार में किसे मिले, इसके लिए कोर्ट ने तिनसुकिया जिला न्यायाधीश को मृतक के परिवार के सदस्यों को नोटिस जारी करने के लिए कहा. साथ ही यह पता लगाने को कहा कि उनमें से कौन मुआवजा राशि प्राप्त करने का सबसे अधिक हकदार होगा. पीठ ने कहा, ÷न्यायिक जांच के आदेश की निरर्थकता के संबंध में विवाद पर विचार करते हुए,

## 2024 के लिए अखिलेश यादव का खेल शुरू होने से पहले ही बीजेपी ने किया खत्म



**नई दिल्ली।** यूपी में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है. सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी पहले दिन से ही राज्य में जातिगत जनगणना की मांग कर रही है. अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के नेतृत्व में सपा विधायकों ने विधानसभा में इसकी मांग की. लेकिन अब बीजेपी ने सपा की इस मांग की काट खोज ली है. कन्नौज से बीजेपी के सांसद सुब्रत पाठक ने मंगलवार को अपनी एक मांग रखते हुए कहा, अखिलेश जी जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं तो मैं उसमें धार्मिक जनगणना की मांग जोड़ता हूं, क्योंकि विभाजन संप्रदाय के आधार पर हुआ था. उस समय देश में 7प्रतिशत अल्पसंख्यक थे, अब कितने हैं? कितने मुस्लिम, ईसाई हैं इसकी जनगणना होनी चाहिए. दरअसल, सपा के ओर से लगातार राज्य में जातीय जनगणना कराने की मांग की जा रही है. इसकी मांग अखिलेश यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान योगी सरकार से रखी है. जिसमें उन्होंने बीजेपी के सहयोगी दलों से भी इसपर सहयोगी मांगा था. तब बीजेपी गठबंधन के निषाद दल और अपना दल एस के अलावा ओम प्रकाश राजभर ने भी इसका समर्थन किया था. लेकिन अब बीजेपी सांसद के एक बयान से ये पूरी सियासी बयानबाजी पलट गई है. अब राज्य में बीजेपी समाजवादी पार्टी की जातीय जनगणना वाली मांग के खिलाफ अपनी धार्मीक जनगणना की मांग रखेगी. इसका असर आने वाले चुनाव पर देखा जा सकता है.

## रिटायर रक्षा कर्मियों को 15 मार्च तक मिलेगी बकाया पेंशन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से फटकार के बाद रक्षा मंत्रालय ने रक्षा लेखा महानियंत्रक को एक ही किस्त में वन रैंक वन पेंशन का बकाया जारी करने का निर्देश दिया है. ओआरओपी के तहत भुगतान में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (27 फरवरी) को कड़ी फटकार लगाई थी. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मंत्रालय के सचिव के जारी किये गये पत्र पर ऐतराज जताया और उन्हें अपना रुख साफ करते हुए एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया. रक्षा लेखा महानियंत्रक के ऑफिस के एक अधिकारी के हवाले से लिखा, हमें रक्षा मंत्रालय से आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए हैं और बकाया राशि का भुगतान करने के लिए काम जोरों पर है. सर्वोच्च न्यायालय ने 15 मार्च की सीमा तय की है. इसे पूरा नहीं करने का कोई सवाल ही नहीं है. 9 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को लगभग 25 लाख पूर्व सैनिकों की पेंशन का बकाया 15 मार्च तक देने का निर्देश दिया था. हालांकि, 20 जनवरी को मंत्रालय की ओर से एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था कि बकाया को चार छमाही में जारी किया जाएगा.

## ग्रीस में भीषण ट्रेन हादसा, 26 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** ग्रीस में दो ट्रेनों के बीच हुई भीषण एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या 16 से बढ़कर 26 हो गयी है. इस हादसे में 85 लोगों के घायल होने की खबर है. मिली जानकारी के मुताबिक, घायलों में कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है. घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अनुमान लगाया जा रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हादसा देर रात हुआ. दुर्घटना की वजह क्या है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है. घटना स्थल पर अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है. भीषण



एक्सीडेंट को लेकर ग्रीस के थिसली इलाके के गवर्नर ने बताया कि एक यात्री ट्रेन एथेंस से उत्तरी शहर थेसालोनिकी की तरफ जा रही थी, वहीं एक दूसरी मालगाड़ी थेसालोनिकी से लारिसा की तरफ आ रही थी. इन दोनों ट्रेनों की लारिसा शहर के बाहर टक्कर हो गई. हादसा इतना भयावह है कि हादसे के बाद बचाव में मदद के लिए सेना बुलाई गई है, जबकि अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है. सोशल मीडिया घटना की तस्वीरों और वीडियो वायरल हो रहे हैं. जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह ट्रेन के डिब्बों आग की चपेट में हैं. इसके अलावा कुठ डिब्बे पटरी से भी उतरे हुए हैं.

## एक महीने के भीतर सलाखों के पीछे जाएगा एक मंत्री..., जब विधानसभा के अंदर बोले बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी

पश्चिम बंगाल विधानसभा में उस वक्त हंगामा शुरू हो गया जब बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक महीने के अंदर एक मंत्री के जेल जाने की बात कही. अधिकारी ने शुक्रवार (20 मार्च) को विधानसभा के अंदर कहा, ÷एक महीने के भीतर एक मंत्री को सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा.÷ उनके इस बयान पर टीएमसी विधायकों ने ऐतराज जताया और स्पीकर से उन पर कार्रवाई की मांग की. इस पर विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने आगाह किया कि इस तरह की टिप्पणी सदन में नहीं की जानी चाहिए. दरअसल, शुभेंदु अधिकारी और मंत्री पार्थ भौमिक के बीच दल-बदलू नेताओं पर बहस हो रही थी. 2021 से बीजेपी के कई विधायक विधानसभा से इस्तीफा दिए बिना टीएमसी में शामिल हो गए हैं. अधिकारी उन्हें टारगेट कर रहे थे, जिस पर मंत्री भौमिक से उनकी बहस हो गई. पार्थ भौमिक ने



शुभेंदु से पूछा कि उनके पिता शिशिर अधिकारी टीएमसी के टिकट पर कांथी से लोकसभा चुनाव जीते थे, वर्तमान

में वह किस पार्टी में हैं. इसके बाद शुभेंदु अधिकारी भड़क गए और मंत्री को एक महीने के अंदर जेल जाने की धमकी दे डाली. बता दें कि टीएमसी दलबदल विरोधी अधिनियम के तहत शिशिर अधिकारी की लोकसभा सदस्यता को रद्द करने की मांग कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह बीजेपी में शामिल हो गए हैं. जिस पर बीजेपी नेता ने कहा, ÷टीएमसी में पाला बदलने वाले बीजेपी सदस्यों को उसी कानून के तहत अयोग्य घोषित किया जाए.÷ शुभेंदु और मंत्री के बीच हुई बहस के बाद अध्यक्ष ने कहा, ÷शुभेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ पार्टी के एक सदस्य के प्रति अशोभनीय टिप्पणी की कि उसे एक महीने के भीतर सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा.÷ शुभेंदु को अध्यक्ष ने आगाह किया कि इस तरह की टिप्पणी सदन के अंदर नहीं की जानी चाहिए.वहीं मंत्री पार्थ भौमिक ने अध्यक्ष के हस्तक्षेप की मांग करते हुए बीजेपी नेता की टिप्पणियों के कारण अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई. जिस पर स्पीकर बिमान बनर्जी ने कहा, ÷सदन उनकी सुरक्षा को लेकर मंत्री की आशंका पर गौर करेगा.÷ अध्यक्ष ने भौमिक से कहा, ÷वह बीजेपी नेता के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव शुरू करने के लिए नोटिस देने पर विचार कर सकते हैं.÷ बता दें कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं को सीबीआई और ईडी ने हाल के दिनों में कथित घोटालों में किया है. स्कूल नौकरियों घोटाले और पशु तस्करी के मामलों में ममता के मंत्री गिरफ्तार हो चुके हैं. वहीं, पार्थ भौमिक ने कहा, ÷विपक्षी दल के नेता के शब्दों से साबित होता है कि बीजेपी सीबीआई ईडी चला रही है. सीएम ममता बनर्जी की ओर से एक पत्र लिखकर इस मुद्दे को प्रधानमंत्री के सामने उठाया गया है.

# नगर पालिका की तैयारियों को सीएम सिक्योरिटी ने किया फेल

अनिल कुशवाह प्रभारी
पत्रकार अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी से है जहाँ शुक्रवार को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश अध्यक्ष व्ही. डी. शर्मा का दौरा था इस दौरे में शिवपुरी स्थित दो बत्ती चौराहे पर स्वर्गीय माधवराव सिंधिया श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखा गया था इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री ज्योतिराज सिंधिया प्रदेश अध्यक्ष पीडी शर्मा को स्वर्गीय माधवराव सिंधिया जी के प्रतिमा पर माला पहनाने के लिए नगर पालिका शिवपुरी ने हाल ही में बनवा कर सीड़ी लगा कर मंच लगाई थी जिसको मुख्यमंत्री की सिक्योरिटी ने आकर फैल कर दिया जिस जे बाद तुरन्त हटवाया ओर फिर पूरा तरीके से ही माला पहनाई गई जिस पर ऐसा लगता हैं कि नगर पालिका शिवपुरी की हमेशा से ही लीपा पोती करने की आदत रही हैं ओर इस आदत को वह भुलाना भी नही चाहती चाहे अध्यक्ष बदल लो या नगरपालिका सीएमओ बदल जाए लेकिन नगर पालिका की आदत नही बदली जाएगी

### शिवपुरी पुलिस की अवैध अथियार रखने बालों पर कार्यवाही

# पुलिस थाना नरवर द्वारा होली के दिन अबैध हाथियर लिये बारदात की नियत से बैठे दो आरोपियो को किया गिरफ्तार।



पत्रकार अनिल कुशवाह
जगदीश पाल रिपोर्टर
खनियाधाना

**शिवपुरी** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिंह चन्देल के आदेश अनुसार एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया व एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के द्वारा होली के त्यौहार के दौरान सघन चैकिंग कर गुण्डे बदमाशो पर नियत्रण रखने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन मे दिनांक 07.03.23 को होली के दिन भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी नरवर निरीक्षक आलोक सिंह भदौरिया को मुखविर द्वारा सूचना मिली की लोडीमाता मंदिर तिराह के पास एक व्यक्ति अबैध हथियार लिये किसी बारदात की नियत से मोटर साईकिल लिये बैठा है । सूचना की तस्दीक एव कार्यवाही हेतु तुरन्त उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा एवं फोर्स को लेकर मुखविर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुचे तो लोडीमाता मंदिर के पास तिराहे पर एक व्यक्ति मोटर साईकिल पर बैठा मिला जिसे उपनिरीक्षक अजय मिश्रा व फोर्स द्वारा चैक किया गया तो उस व्यक्ति के पास 315 बोर का कट्टा व जिन्दा राऊड मिला जिसे जप्त कर पुछताछ की गयी तो उसने कट्टा कस्बा मोहल्ला के अपने दोस्त से डेढ महिने पहले खरीदना बताया आरोपी के बताये अनुसार उक्त व्यक्ति को तलास कर पुछताछ की गयी तो उसने कट्टा व राऊड बेचना स्वीकार किया तथा शेष बचे 315 बोर के राऊड भी अपने घर से जप्त कराये आरोपी गणो का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत पाये जाने गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया दोनो आरोपियो के विरूद्ध थाना नरवर में मारपीट एवं सम्पत्ति संबंधी अपराध पूर्व से भी दर्ज है

# मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने माधव नेशनल पार्क में छोड़ा बाद्यो का एक जोड़ा

### मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने बाद्य मित्रों से की चर्चा

पत्रकार अनिल कुशवाह

**नेशनल पार्क में बाद्यो के आने से अंतर्राष्टीय स्तर पर भी होगी शिवपुरी की पहचान- श्री चौहान**

**बाद्यो के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनजागरण के कार्यक्रम संचालित करें**

**27 वर्षों के बाद माधव नेशनल पार्क में सुनने को मिलेगी बाद्यो की दहाड़- श्री सिंधिया**

**बाद्यो का आना अंचल के लिए गौरव की बात है- केन्द्रीय उड्डयन मंत्री**

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में आज बाद्य का एक जोड़ा छोड़ा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री व्ही.डी.शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, वन मंत्री श्री विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, सांसद डॉ.के.पी.यादव, श्रीमती प्रियदर्शनी राजे सिंधिया, श्री महाआर्यमन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी भोपाल श्री जसवीर सिंह चौहान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री रमेश गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक माधव राष्ट्रीय उद्यान श्री उत्तम कुमार शर्मा, वन संरक्षक लवित भारती, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल आदि उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने माधव नेशनल पार्क शिवपुरी में नर एवं मादा बाद्यो के जोड़ों को बाड़े में छोड़ने के उपरांत बाद्य मित्रों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मौके पर कहा कि शिवपुरी एक ऐतिहासिक एवं प्राचीन एवं पर्यटन नगरी रहा है। नेशनल पार्क में आज दो बाद्यों के छोड़ने से अब शिवपुरी की अंतर्राष्टीय मानचित्र पर पहचाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बाद्यो को संरक्षण के साथ उनकी सुरक्षा भी करनी होगी। उन्होंने कहा कि शिवपुरी में बाद्यो के आने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बड़ेगा तथा देशी एवं विदेशी पर्यटकों के आने से भी जिले के इकोनिमी भी बड़ेगी। श्री चौहान ने कहा कि अभी बाद्यो का एक जोड़ा जिसमें बाधवगड़ नेशनल पार्क से मादा और सतपुड़ा नेशनल पार्क से नर बाद्य छोड़ा गया है। शीघ्र ही तीन बाद्य और छोड़े जाएगें। मुख्यमंत्री ने बाद्य मित्रों से चर्चा करते हुए कहा कि हमें बाद्यों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक किए जाने के लिए जनजागरण कार्यक्रम संचालित कर लोगों को बताए कि वन प्राणी हमारे मित्र है हमें उन्हें संरक्षण देना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद्य प्रोजेक्ट के तहत बाद्यो के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ अद्योसंरचना के कार्य भी किए जाएगें। साथ ही बाद्य परियोजना के तहत गाइडों, होटल एवं टैक्सी संचालकों आदि लोगों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ-साथ होम स्टे को भी बड़ावा दिया जाएगा। जिससे बाहर से आने वाले सैलानियों को प्राकृतिक एवं खुले वातावरण में बाद्यो एवं वन्य प्राणियां का खुले में दर्शन करने का अवसर भी मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बड़ने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को भी बड़ावा



मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए बड़ी खुशी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व में कूनो नेशनल पार्क में चीते छोड़े गए। जबकि शिवपुरी के में तीन बाद्य और लाए जाएगें। श्री सिंधिया ने कहा कि बाद्यो के आने से जहां पर्यावरण संतुलित होगा वही स्थानीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जिससे क्षेत्र



नेशनल पार्क में आज दो बाद्य छोड़े गए है। पूर्व में पन्ना नेशनल पार्क में भी बाद्य छोड़े गए है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 27 वर्षों के बाद माधव नेशनल पार्क में अब बाद्यों की दहाड़ सुनने के साथ उन्हें देखने का भी अवसर सैलानियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिवपुरी सहित अंचल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक होने के साथ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि उनके पूज्य पिताजी स्व.माधवराव सिंधिया की जयंती पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से आज माधव नेशनल पार्क में पुनः बाद्यो को विस्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में माधव नेशनल पार्क की आर्थिक संपन्नता भी बड़ेगी।

**स्वसहायता समूहों के माध्यम से टूरिस्ट गाइडों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा**

वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि स्वसहायता के माध्यम से स्थानीय लोगों को चार टैक्सियां उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे सैलानियों को नेशनल पार्क का भ्रमण कराया जा सकेगा। इसके साथ-साथ टूरिस्ट गाइड के रूप में भी स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सैलानियों के आने से स्थानीय होटलों के साथ-साथ होम स्टे माध्यम से भी रोजगार बड़ेगा।

# धूमधाम से मनाई गई माधवराव सिंधिया जयंती

अनिल कुशवाह प्रभारी
पत्रकार अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी** -कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की याद में हर वर्ष की भांति इस बार भी शिवपुरी स्थित दो बत्ती चौराहा प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कैलाशवासी माधवराव सिंधिया समारोह समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समारोह में शिरकत की जबकि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बीडी शर्मा भी इस समारोह में शामिल हुए और कैलाशवासी माधवराव सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात रहे कट्टर सिंधिया समर्थक माने जाने वाले पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुन्ना लाल कुशवाहा एवं उनकी समिति के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें दोपहर 1ः00 बजे से ही समिति के सदस्य गणों सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने चिंताहरण मंदिर के सामने स्थित कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी थी ।दोपहर 2ः00बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के पहुंचते ही बैंड बाजों की धुन पर फूल मालाओं के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर हार फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम के अलावा हरवीर सिंह रघुवंशी राकेश गुप्ता विजय शर्मा मुन्ना लाल कुशवाहा सोनू मल कुशवाहा अमिताभ , मोहन सिंह राठौर ,महेंद्र सिंह यादव , जसवंत जाटव ,तेजमल सांखला, श्यामसुंदर राठौर,अशोक मोहिते ,सुनील व्यास नरेश कुशवाह,नरेंद्र कुशवाह ,राजेंद्र कुशवाह सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गलियों में कीचड़ उफान पर लोग घरों में कैद नगर में बीमारी का कहर दस्तक दे रहा

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**पिछोर** हनुमान बाग नई बस्ती में गलियों में भरा पानी सीएमओ की लापरवाही नगर पालिका राघवेंद्र पालिया आंखें बंद कर सो रहे हैं नगर परिषद में दिन प्रतिदिन नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही देखने को मिल रही है गलियों में पानी भरा हुआ है एवं कचरा व कीचड़ से लबालब गलियां भरी हुई है हनुमान बाग नई बस्ती वार्ड क्रमांक पांच में गलियों में इस कदर पानी भरा हुआ है जैसे कोई समुद्र में पानी भरा हुआ है कीचड़ काफी है फिर भी नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया का कोई नगर पर कोई ध्यान नहीं है लेकिन कुर्सी पर बैठकर मौज ले रहे हैं वार्ड नंबर 5 के नगरवासी बेहद मुसीबत का सामना कर रहे हैं पानी निकासी ना होने के कारण मोहल्ले वाले घरों में कैद है क्योंकि नालियां गधा गद भरी हुई है जिससे वार्ड पांच के लोग बेहद परेशानी का सामना कर रहे हैं नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया की मनमानी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है क्योंकि गंदा पानी गलियों में भरा हुआ है एवं कीचड़ बादलों की तरह छाया हुआ है जिससे नगर मोहल्ले में लोग बीमार पड़ रहे हैं और गंदगी के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है हर गली हर मोहल्ले में नालियां चकाचौंध बंद है जिसमें नगर में बीमारी का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है नगर में नगरवासी बड़ी ही मुसीबत से जूझ रहे हैं लेकिन नगर पालिका सीएमओ का नगर पर कोई ध्यान ही नहीं है



VEDANTA PVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
Estd. 2015
MEHGAON, BHIND
वेदांत प्रा. I.T.I.
ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, फिटर
योग्यता 10वीं पास
Mob. 7000404914, 7694927881
भिण्ड रोड, मेहगाँव, जिला भिण्ड (म.प्र.)

!! जय श्री सिद्ध गुरुदेव !!
10th All Sub.
9302855225
9144741160
(CBSE & NCERT BOARD)
HINDI & ENGLISH MEDIUM
By: योगेन्द्र सर
म.प्र. शासन की "BHIM" योजना के अंतर्गत Registration करवायें और Fees में 15% की छूट पाये
Coming Soon
REGISTRATION OPEN
Visit our website www.yogendrasirgwalior.com
YOGENDRA SIR OFFICIAL APP
पता- फोर्ट रोड सब्जी मंडी पुल के पास, हजीरा ग्वालियर ।

# होली के त्यौहार पर समस्त पुलिस स्टाफ के साथ डीजे पर जम के नाचे... एसपी मुरैना

**केशब पंडित जी अम्बाह... ?**

**मुरैना।** मुरैना पुलिस लाइन में होली के कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारी ने होली खेली यहां डीजे पर पुलिस अधीक्षक सहित एडिशनल एसपी व पुलिस आर आई अधिकारी व कर्मचारी नाचते नजर आए यहां रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं बधाई देते नजर आए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी 06 मार्च को होलिका दहन के पूर्व ड्यूटी पर मुस्तैदी से तैनात हो गए थे जो 08 मार्च की देर शाम तक होली के त्योहारों पर तैनात रहे थे पुलिस स्टाफ की देखरेख में मुरैना जिले के लोगों ने होली शांतिपूर्ण मनाई उसके बाद 09 मार्च को भाई दूज पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजन के दौरान जिलेभर का पुलिस स्टाफ एकत्रित हुआ पुलिस स्टाफ ने यहां सामूहिक रूप से होली खेली होली के बाद में होली के दूसरे दिन भाई दूज का एक दिन ऐसा पड़ता है जब जिले भर का पुलिस स्टाफ एक जगह



एकत्रित होकर मेल मुलाकात करता है इसी तरह गुरुवार को पुलिस लाइन में जिले भर के पुलिस अधिकारी एकत्रित हुए यहां अनेक थालियो में गुलाल रंग अलग अगल तरह के गुलाल रखे हुए थे जो उठ जाए वही लगा रहे थे पुलिस अधीक्षक भी समस्त पुलिस स्टाफ को रंग लगाकर डीजे पर नाचते नजर आए पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी उनके साथ नाचते नजर आए एडिशनल एसपी रायसिह नरबरिया व जिला पुलिस आरआई कृष्ण प्रताप सिह तोमर व अम्बाह एसडीओपी परिमाल सिह मेहरा मुरैना सीएसपी अतुल सिह बागचीनी थाना प्रभारी देबेन्द्र सिह कुशबाह, दिमनी थाना प्रभारी मंगल सिह पपोला, नगरा थाना प्रभारी नरेश निरंजन, महुआ थाना प्रभारी त्रिश्चीकेश शर्मा , रामपुर थाना प्रभारी पवन भदौरिया, साइबर क्राइम प्रभारी, सचिन पटेल थाना एसपी स्टैनो रमन राठौर जयकुमार अरोरा अभिषेक एव समस्त पत्रकार एवं समस्त पुलिस स्टाफ आदि लोग लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी

# श्रीमंत माधवराव सिंधिया का चंबल संभाग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : भाजपा

## भाजपा ने बनाई कैलासवासी माधवराव सिंधिया की जयंती छाया चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश वासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी का 78 वा जन्मदिन के तहत भाजपा सुभाष मंडल, वखंडेश्वर मंडल महाराणा प्रताप मंडल ने संयुक्त रूप से शहर के धनवंतरी धर्मशाला मैं बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कैलासवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की जयंती पर भाजपा ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिन्होंने भारतीय राजनीति में सेवा और समर्पण के साथ चंबल संभाग को ही नहीं पूरे देश में विकास को गति प्रदान की उनके अधूरे कार्यों को केंद्रीय उड़ान मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आगे बढ़ाने का काम किया है। भाजपा नेताओं ने कहा श्रीमंत राजमाता विजय राजे सिंधिया और कैलाश वासी माधवराव सिंधिया ने जनता की सेवा के लिए राजनीति में आकर अपने कर्तव्य निष्ठा का पालन कर गति प्रदान की राजनीति



को उन्होंने व्यवसाय के रूप में कभी नहीं देखा उनका उद्देश्य था कि जनता की सेवा करना विकास और प्रकृति को आगे बढ़ाना। जिन्होंने भिंड में केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय गुना इटावा रेल लाइन मालनपुर में औद्योगिक इकाइयां खेल स्टेडियम किसानों के पानी के लिए ट्रेन कनेरा सिंचाई योजना दूरदर्शन रिले सेंटर जिला पंचायत पवन जैसे अनेक लोकार्पण कारों से विकास को गति प्रदान की है।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा, वरिष्ठ अभिभाषक रविंद्र सिंह नरवरिया एडवोकेट, मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू, अमित जैन, शेरू पचौरी, जिला कार्यसमिति के सदस्य सिद्धार्थ जैन, बूथ अध्यक्ष राकेश जैन, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया शैलु, भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अतुल रमेश पाठक, बांके बिहारी शर्मा, हरिकिशन चौधरी, सोनू जैन, सौरभ जैन, राहुल श्रीवास्तव, नीरज बाथम, राम सिंह भदौरिया, पवन जैन, आदि कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे।

## मध्यप्रदेश शासन की एक और अकल्पनीय पहल, शिवपुरी जिले को मिली सौगात, माधव राष्ट्रीय उद्यान को मेहमानो के रूप में तीन बाघो को समर्पित किया,




और नवीन प्रशिक्षित बाघ मित्रों से चर्चा की, कार्यक्रम में यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा जी प्रदेश, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा जी,वन मंत्री विजय शाह, खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया जी, शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया जी के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री माननीय बृजेंद्र सिंह यादव जी सम्मिलित हुए

# मुंगावली शराब ठेकेदार की मनमानी के चलते होली के उपलक्ष में बेची जा रही है ऊंचे दामों में शराब

**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

जहां किंगफिशर की रेट 180 है वही ठेकेदार और अंग्रेजी शराब दुकान पर बैठने वाले संचालक द्वारा ना ही शराब का बिल दिया जा रहा है और वही अनजान व्यक्तियों द्वारा शराब माफिया के ठेकेदार और दुकान संचालक करने बैठे व्यक्तियों की मनमानी के चलते ना ही शराब दुकान के सामने रेट लिस्ट लगी है जिससे आमजन दिए हुए रेट पर अपनी खरीदारी कर सके लेकिन ठेकेदार और दुकान पर पर बैठे हुए व्यक्तियों के द्वारा आमजन से खुली लूट की जा रही है और वही देखा जाए तो आबकारी विभाग सिर्फ मूकदर्शक बना हुआ है और वही शहर और



ग्रामीणों में चल रहे कच्ची शराब को लेकर आज दिन अपनी उपलब्धि गिना रहे हैं कि हमने इन लोगों पर इतनी कार्यवाही की हैं और शहर में संचालक दुकान पर आज तक कोई भी निरीक्षण नहीं किया गया कि कितने बिल काटे गए या कितनी शराब और बीयर की बिक्री की गई। इसको लेकर आबकारी विभाग कितना गंभीर है वही आबकारी विभाग द्वारा कच्ची शराब को लेकर कई प्रकरण बनाए गए वही दिन रात अंग्रेजी शराब पर लूट मची रही उसको टीम के चश्मे से लगाकर विभाग देखता रहा और आम जनमानस से रेट से ज्यादा शराब बिक्री के पैसे लिए जाते रहे जब इस संबंध में आबकारी अधिकारी से चर्चा की गई तो उनका कहना था के संबंधित व्यक्ति जो शराब की दुकान पर शराब खरीदने गया उसको सुबह मेरे से शराब बिक्री के ज्यादा रुपए दिए जा रहे रुपए के संबंध में हमसे बात कराएं फिर हम शराब संचालन दुकान से बात कर उचित कार्यवाही करेंगे लेकिन देखा जाए तो इस शराब शिकायत संबंध में शिकायतकर्ता बहुत ही कम मिलते हैं और वही आम जनमानस लुटता रहता है देखा तो यह जाएगा कि अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है अंग्रेजी शराब दुकान पर या संचालक पर कोई कार्यवाही करने की क्षमता दिखा सकता है या नहीं या आबकारी अधिकारी द्वारा आम जनमानस पर ही कार्यवाही कर अपनी वाहवाही लूटते नजर आते रहेंगे।

## विश्व की दो सबसे बडी सामाजिक संस्थाओं ने संक्युत रूप से आयोजित किया होली मिलन समारोह

# लायंस क्लब एटा और रोटरी क्लब एटा ने मिलकर मनाई होली

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**




होली के अवसर पर शहर के निधौली रोड स्तिथ ग्रांडयार रिजॉर्ट में लायंस क्लब और रोटरी क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया होली का भव्य कार्यक्रम , जिसमे अभीर गुलाल के साथ साथ बाहर से आए कलाकारों ने खूब धमाल मचाया , मंच संचालन आगरा से आयी एंकर अनन्या सिंघानिया व अलीगढ़ के अरुण तिवारी ने किया , लोग नरेंद्र मोदी के मास्क पहन कर सेल्फी लेते दिखे , वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम को पूरी तरह ईको फ्रेंडली रखा गया फूलों की होली व 360* सेल्फी बूथ रहे आकर्षण का केंद्र । वही एंकर द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमे जितने वालों को लायंस व रोटरी क्लब द्वारा पुरुस्कार दिए गए व रात्रि भोज रखा गया । कार्यक्रम में दोनों क्लब के सदस्यो के साथ साथ सैकड़ो प्रतिष्ठि लोग उपस्थित हुए और जमकर लुफ्त उठाया । वहीं ग्रांडईयर रिसॉर्ट के मालिक राजीव दास ने बताया के ऐसे कार्यक्रम त्योहार पर होते रहने चाहिए इससे आपसी सौहार्द , प्रेम बढ़ता है । वहीं आयोजक की भूमिका में लायंस क्लब से अनुज चौहान व रोटरी क्लब से नीरज गुप्ता रहे । इस मौके पर अमित श्रीवास्तव , आयुष मिश्रा , चिराग वार्ष्णेय , डॉ एन पी सिंह , आशीष कोहली , प्रीति अमोरिया , पूनम दीक्षित ,अंजली गहलौत, डॉ शेखर , डॉ अमन चौहान , एडवोकेट रोहित पुंढीर , चारणजीत सिंह , आकाश गुप्ता सहित दोनों क्लब के सैकड़ो सदस्य उपस्थित रहे ।

# शहर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का पुतला जलाया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का पुतला भिंड शहर के हृदय स्थल परेड चौराहे पर जलाया पुतला दहन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार की कथनी करनी में बहुत अंतर है एक तरफ फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के द्वारा पहने गए भगवा रंग के बस्त्र को लेकर विरोध करती है दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के रतलाम में भाजपा विधायक चेतन कश्यप और महापौर प्रहलाद पटेल की मौजूदगी में हिंदू सनातन धर्म के देवता श्री हनुमान जी महाराज की मूर्ति के सामने अध नग्न महिलाओं की बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित करती है ऐसा करना हिंदू धर्म का अपमान है श्री हनुमान जी महाराज के सामने अध नग्नता का प्रदर्शन करना अक्षम्य अपराध है भाजपा भगवान का अपमान करती है,हिन्दुओं की आस्थाओं पर वार करती है।इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी, रेखा भदोरिया पान सिंह सुमन ,गजेंद्र भदोरिया प्रदीप जैन गुड्डा ,राहुल कुशवाह, राम प्रकाश जाटव, इरशाद कुरैशी मोहम्मद इरफान गममू संदीप मिश्रा ,बॉबी शर्मा, कुलदीप भारद्वाज, नीरज त्रिपाठी ,अहिवरन सिंह बघेल, शैलेंद्र सिंह भदोरिया, राजेश शर्मा, रामहेत शाक्य छोटे नरवरिया, गोपाल राजावत सेलू कौशल ,अंकित तोमर, कमलेश जाटव हिम्मत सिंह हरिऔध, मोहर सिंह जाटव, संजीव बरुआ, दर्शन सिंह तोमर, सूरजपाल सिंह राजावत, अनिल भारद्वाज कामिल खान पिंटू शर्मा प्रदीप भदोरिया नमन सिरोठिया, विजय दैपुरिया, वीर प्रकाश श्रीवास्तव, आनंद शाक्य, वीरेंद्र यादव, आदित्य पुरोहित पुरखा सुखप्रीत मिश्रा मनोज जैन मामा, देवेंद्र सिंह, चूंटाई शर्मा, पूजा कुशवाह अंकुल कौशल अजय शर्मा सौरभ जैन आदि कांग्रेसी उपस्थित थे

# विश्वकप में गोल्ड मेडल जीत वापस लौटे 63 वर्षीय वेट लिफ्टर

## बिलकिसगंज में किया गया भव्य स्वागत

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** न्यूजीलैंड के आकलैंड में आयोजित विश्व स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बिलकिसगंज झागरिया के मोहन पाराशर ने (60 से 64 आयु वर्ग के 89 किग्रा वर्ग में) 140 किग्रा वजन उठाकर पहले ही दिन स्वर्ण पदक हासिल किया है। श्री पाराशर इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश से एक मात्र खिला?ी के रूप में गए थे और प्रतियोगिता में 60 देशों के वेट लिफ्टिरों को पीछे छो?कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनके बिलकिसगंज लौटने पर शुक्रवार को भव्य रूप से विश्व विजेता के रूप में क्षेत्रवासियों द्वारा स्वागत किया गया। चल समारोह में शामिल वेट लिफ्टर श्री पाराशर को फूल माला पहनाकर और डीजे, ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह का क्षेत्र के प्रसिद्ध महिषासुर मर्दिनी माता के दरबार में समापन किया गया। इस मौके पर चल समारोह में शामिल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मां की आरती के पश्चात ढाई क्विंटल से अधिक नुक्ति के लड्डूओं का वितरण किया।इस मौके पर 63 वर्षीय वेट लिफ्टर श्री पाराशर ने कहा कि युवा अगर व्यसनों से दूर रहें तो खेल के क्षेत्र में बहुत अच्छा




मुकाम हासिल कर सकते हैं। अब उनका उद्देश्य हर मास्टर विश्व कप में गोल्ड मेडल जीतना है। जिससे विश्वकप में भारत और प्रदेश का नाम रोशन होता रहे। उल्लेखनीय है कि श्री पाराशर 13 साल की उम्र से ही वेट लिफ्टिंग कर रहे हैं जो उनका जुनून है। उन्होंने बताया कि न्यूजीलैंड में मास्टर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के लिए बिलकिसगंज स्थित अपने जिम में हर रोज आठ से 10 घंटे अभ्यास कर रहे थे। इस अभ्यास के कारण ही उन्होंने गोल्ड हासिल किया।उन्होंने बताया वह वर्ष 1978 से 1982 तक लगातार पांच बार स्टेट चैम्पियन रहे हैं और उनकी कोचिंग सेंटर में आधा दर्जन से अधिक वेट लिफ्टिरों ने नेशनल और खेलो इंडिया आदि में मैडल हासिल किए हैं। जानकारी के अनुसार गत दिनों 63 वर्षीय वेटलिफ्टर मोहन पाराशर का 5वीं नेशनल मास्टर गेम्स 2023 उत्तरप्रदेश के वाराणसी में गोल्ड हासिल किया था। श्री पाराशर का कहना कि वह चाहते हैं कि खिलाड़ियों को मंच मिले, अच्छा स्वास्थ्य मिले। खिलाड़ियों को इंस्पायर करने के लिए ही वे खेल से जुड़े हैं। उनकी कोचिंग में इस वक्त करीब 60 से ज्यादा वेटलिफ्टर्स ने क्षेत्र का नाम देश-प्रदेश में रोशन किया। इनसे कोचिंग लेने वाले कई खिलाड़ियों ने खूब कमाल भी दिखाया। श्री पाराशर ने बताया कि वह दिन में 10 घंटे तक प्रैक्टिस करते हैं। खिलाड़ियों को 2 शिफ्ट में कोचिंग देते हैं।

# प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम आज

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत 11 मार्च 2023 को भिण्ड आएंगे ।जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 11 मार्च 2023 को प्रातः11 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे गोहद आएंगे एवं जाट समाज के नेता स्वर्गीय श्री भीम सिंह राणा की मूर्ति का अनावरण करेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 12.30 बजे गोहद से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे भिण्ड आएंगे एवं कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री सायं 4 बजे शासन की योजनाओं की समीक्षा बैठक लेने के उपरांत सायं 6 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। इसके बाद सायं 7 बजे भिण्ड से कार द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# होली सामाजिक सौहार्द एंव उत्साह का पर्व है :मुलेवा



**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर।** बिलाड़ा पंचमी तक यहां समूचे क्षेत्र में होली पर्व का उत्साह बना रहता है ।इसी क्रम में कृषि उपज मंडी व्यापार संघ की ओर से गुरूवार को होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर व्यापार संघ के अध्यक्ष तरूण मुलेवा ने उपस्थित जनों के गुलाल अबीर का टीका लगा कर बधाई दी ।एंव सभी का मुंह मीठा कराया ।तरूण मुलेवा ने कहा कि होली एक ऐसा उत्सव है जो बुराइयों को भस्म कर हंसी खुशी का वातावरण बनाने का संदेश देता है ।इसमें अमीर गरीब ऊंच -नीच छोटे बड़े जैसी सारी दूरियां सिमट जाती है ।समरसता और सद्भाव का सुंदर वातावरण विनिर्मित होता है। इस अवसर पर सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को रंग लगाते है ।जिसमें लाल रंग को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। सुखदेव पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर महावीर चंद भंडारी ,चेतन पटेल,माणक पटेल ,धन्नाराम हाम्बड़, मोहनलाल जैन ,मदनसिंह राठौड़, बाबूलाल पटेल,जयंतीलाल पगारिया,रामचंद्र पटेल,धर्माराम झंझावात आदि मौजूद रहे

# राज्यपाल मंगूभाई पटेल 14 मार्च को भिण्ड आएंगे



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** म.प्र.के राज्यपाल मंगूभाई पटेल 14 मार्च 2023 को अल्प प्रवास पर भिण्ड पधार रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्यपाल प्रातः9.30 बजे मुरैना से हैलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः10 बजे हैलीपेड एसएएफ ग्राउण्ड भिण्ड आएंगे। राज्यपाल प्रातः10.10 बजे एसएएफ गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। राज्यपाल प्रातः10.45 बजे भिण्ड से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः11 बजे जनपद अटेर के ग्राम परा पहुंचेंगे। दोपहर 12.15 बजे स्टेज कार्यक्रम, प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12.20 बजे आंगनबाड़ी भ्रमण, प्रदर्शनी, पोषाहार वितरण, दोपहर 1 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी के घर दोपहर का भोजन करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.45 बजे कार द्वारा भिण्ड के लिए प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे भिण्ड आएंगे एवं हैलीकाप्टर द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मंत्री कमल पटेल 11 मार्च को गोहद आएंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड । प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल 11 मार्च 2023 को प्रातः10.15 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर प्रातः11.15 बजे गोहद आएंगे एवं महाराज भीमसिंह राणा की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के उपरांत दोपहर 2 बजे गोहद से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।**

# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सड़क पर घायल पड़ी महिला को पहुंचाया अस्पताल





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे.**

**दमोह।** जिले के तेजगड़ से सागर जा रही आदिवासी महिला कि बाइक गड्ढे में गिर जाने से बाइक पर बैठी महिला गिर कर बुरी तरह घायल हो गई। उसी दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल अपने निजी कारणों से दमोह आ रहे थे तब उनकी नजर जैसे ही रोड पर पड़े घायलों पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल ही अपनी गाड़ी रुकवा कर उनका हाल जाना तब घायल महिला के साथ वालें परिजनों ने बताया कि उन्होंने 108 को फोन तो कर दिया लेकिन काड़ी देरी हो रही हैं, तब अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने घायल महिला एवं उनके परिजन को स्वयं कि कार से जिलाचिकित्सालय लेकर पहुंचें जहाँ स्ट्रेचर ना मिलने पर पत्रकार साथी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने महिला को सहारा देकर डॉक्टर के चेम्बर तक पहुंचाया। जिसका तत्काल ही जिला अस्पताल के स्टॉफ द्वारा घायल महिला कि जाँच कराई गई जिसके सिर पर गंभीर चोट होने पर उसका उपचार चालू कराया गया। इस दौरान गौरव पटेल ने कि जिला अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहाँ जब जनप्रतिनिधियों को इस तरह कि परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं तो सोचिये आम जनता का क्या हाल होता होगा। उन्होंने यह भी कहाँ कि इस बात को वह वरिष्ठ अधिकारियो तक पहुंचायेंगे कि इस लापरवाही कि ओर ध्यान दिया जाये।

# सामूहिक दुष्कर्म,नाबालिग यौन शोषण मामले में आरोपी के घर चला बुलडोजर

## महिला थानेदारों ने चलाया बुलडोजर

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह** /हटा। रनेह के चर्चित सामूहिक दुष्कर्म और नाबालिगों से यौन शोषण मामले में आरोपी कौशल किशोर चौबे के शासकीय कब्जे पर बुलडोजर चलाया गया गुरुवार सुबह प्रशासन ने यहाँ बड़ी कार्यवाही करते हुये आरोपी के कृषि भूमि में बना घर और प्लाट कब्जा मुक्त कर दिया। हिनमतपटी रोड पर शासकीय भूमि करीब 7500 वर्ग फीट जिसमें एक कच्चा मकान एवं खेत कीमत करीब 75 लाख कीमत की शासकीय भूमि कब्जा मुक्त कराई गई है। इस दौरान हटा एस डी ओ पी वीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। खास बात यह रही कि 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के बाद महिला कर्मचारियों ने बुलडोजर कार्रवाई का जिम्मा भी संभाला उपनिरीक्षक नित्या त्रिपाठी , रनेह थाना प्रभारी प्रसीता कुर्मी ,वन्दना गौर,महमूदा बानो सहित महिला आरक्षकों ने बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान रनेह,मड़ियादो गैसाबाद ,हटा,थाना पुलिस बल राजस्व अमला,तहसीलदार रोहित राजपूत, विजय चौधरी, पटवारी देवेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।





# खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दमोह शहर के डिपार्टमेंटल स्टोर्स का किया गया औचक निरीक्षण

## मैजिक बॉक्स से जांची दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में डिपार्टमेंटल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। दूध एवं दुग्ध पदार्थ विशेष जांच अभियान के अंतर्गत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन दमोह राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में किल्लाई नाका, सोफिया स्कूल के पास स्थित माही डिलाइट डिपार्टमेंटल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। उक्त परिसर में संग्रहित कंपनी पैक्ड दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु अमूल



गोल्ड मिल्क, ब्रिटानिया विंकिंन काऊ स्ट्राबेरी फ्लेवर्ड मिल्क एवं वैनिला फ्लेवर्ड मिल्क के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन कंपनी पैक्ड दूध के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में डूड लाईसेंस की प्रति एवं डूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगा हुआ पाया गया। कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिए गए। पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन एवं फास्टेक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट मौके पर पाए गए। मौके पर परिसर में संग्रहित दूध, दही, पनीर, मिल्क क्रीम की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# नवविवाहिता के साथ ससुर ने ही की छेड़छाड़, टोका तो बोला- जान से मार दूंगा



ग्वालियर के हजीरा इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता के साथ उसके ससुर ने ही छेड़छाड़ कर दी। महिला जब किचन में काम कर रही थी, तब उसके ससुर ने उसके साथ गलत हरकत की। इस मामले में हजीरा थाना पुलिस ने ससुर के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है।हजीरा इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय महिला का विवाह कुछ समय पहले ही हुआ है। शादी के बाद से ही महिला का ससुर उस पर गलत नियत रखता था। बीते रोज महिला किचन में काम कर रही थी। इसी दौरान महिला का ससुर बहाने से किचन में आ गया। उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब गलत हरकत करने पर ससुर को टोका तो उसने महिला को जान से मारने की धमकी दे डाली। वह महिला से बोला कि अगर किसी को कुछ भी बताया तो उसे मार डालेगा। महिला रोती हुई अपनी सास के पास पहुंची। जब सास को उसने पूरी घटना बताई तो आरोपित यहां से भाग गया। फिर यह लोग हजीरा थाने पहुंचे और एफआइआर दर्ज करवाई।

# लक्ष्मण, माता जानकी और पवनपुत्र के साथ प्रभु राम शहर में भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले

झंग बिरादरी के तत्वावधान में चल रही रामलीला का मंचन भरत मिलाप की लीला के साथ किया गया। गुरुवार को भगवान श्रीराम का चल समारोह आदर्श कालोनी से परंपरा के अनुसार नगर में निकाला गया। इस दौरान आदर्श कालोनी में हर घर में विद्युत रोशनी और दीप जलाने के साथ पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया। आदर्श कालोनी में होली पर दीपावली जैसा दृश्य नजर आ रहा था। हरिहर मंदिर में प्रभु श्रीराम ने भक्तों को दर्शन दिए। चल समारोह का नगर में कई जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी के साथ पवनपुत्र हनुमान की पूजा-अर्चना की। वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई की झांकी भी रही आकर्षक चल समारोह में शिवाजी, महाराणा प्रताप के संग रानी लक्ष्मीबाई घोड़े पर सवार थीं। गणेश, शंकर, पार्वती परिवार की झांकी भी थी। पंजाब के संगरूर जिले से आए सिख बैंड ने मधुर धुन के साथ सजा दो घर को गुलशन की तरह मेरे सरकार प्रभु राम आए हैं की प्रस्तुती दी।फालका बाजार, राम मंदिर पाटनकर बाजार, दौलतगंज, बाड़ा, सराफा बाजार से होते हुए रामलीला स्थल शिवाजी मार्ग पर समाप्त हुआ। पूरे मार्ग में चल समारोह एवं श्री आदर्श रामलीला समिति के सदस्यों व समाज के प्रबुद्धजनों का अ?भिनंदन किया गया। इसमें समिति के अध्यक्ष हरिओम नागपाल, झंग बिरादरी के अध्यक्ष जगदीश अरोरा, पंजाबी सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोरा, बलवंत मदान, हनुमान नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रमोद पाहवा, देवेंद्र अरोरा, कश्मीरी बत्रा, चरणजीत नागपाल आदि समिति के सदस्य उपस्थित थे।






रंगो के रंग में सराबोर रहा पूरा भिण्ड जिला

# कही हुए फाग तो कहीं हुई हास्य : ठिठोली

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

## नेताओं ने किये होली मिलन समारोह

## डीजे पर पुलिस कप्तान ने भी पुलिस कर्मियों एवं पत्रकारों के साथ लगाये ठुमके

**भिण्ड ।** सालभर के इंतजार के बाद जैसे ही होली का त्यौहार आया वैसे ही बच्चे-जवान-महिलाएं ही क्या बड़े बुजुर्गों,नेताओं और अधिकारियों ने भी खूब होली खेली और गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**पुलिस और पत्रकारों का हुआ होली मिलन समारोह**-कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए हमेशा मुस्तेद रहने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर होली खेली और एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई शुभकामनाएं दीं।पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने पुलिस कर्मियों और पत्रकारों की हौसला अफजाई करते हुए साथ साथ होली खेली।

जिले के वरिष्ठ नेताओं ने भी होली मिलन समारोह रखें।वरिष्ठ नेतागणों के यहां होली के अवसर पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा नेताओं ने भी क्षेत्रवासियों और सहयोगी एवं समर्थकों के साथ होली खेली।

वरिष्ठ नेताओं एवं अधिकारियों ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें सभी प्रकार की बुराइयों का अंत करने का अवसर होता है, लोगों को मतभेद भूलकर आपसी भाईचारे के साथ रहना चाहिए।जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी कहा कि आमजन को मिलजुलकर रहते हुए हमेशा कानून के अनुसार कार्य करना चाहिए।

वरिष्ठ नेताओं ,जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन ने



सभी जिलेवासियों को होली के अवसर पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह, राज्यमंत्री ओपीएस सिंह भदौरिया, सांसद श्रीमती संध्या राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, सदर विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू, गोहदविधायक मेवाराम जाटव,पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह चतुर्वेदी, पूर्व विधायक हेमंत कटारे, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ रमेश दुबे,पूर्व विधायक सोपत जाटव,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया,वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र सिंह भदौरिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष भानू सिंह भदौरिया,समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नीरज यादव,बसपा एवं आम पार्टी के जिलाध्यक्षों के अलावा नगर पालिका-नगर परिषद एवं जनपद के अध्यक्षों एवं सीएमओ ने बधाई शुभकामनाएं दीं।

जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,एडीएम, एसडीएम अधिकारियों ने होली की शुभकामनाएं दीं।

पुलिस विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे, डीएसपी हेडक्वार्टर अरविंद शाह, डीएसपी महिला डेस्क पूनम थापा,एसडीओपी, पुलिस आर आई रजनी गुर्जर, सिटी टीआई शिवसिंह यादव, मेहंगाव टीआई रविन्द्र शर्मा, ट्रैफिक प्रभारी रंजीत सिंह सिकरवार, सूबेदार नीरज शर्मा, भरौली थाना प्रभारी अनीता सिंह आदि लोगों ने पूरे जिलेवासियों को होली की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

# कलेक्टर ने 14 मार्च को राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपे दायित्व

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने म.प्र. के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के 14 मार्च 2023 को भिण्ड जिले के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम के सुचारू रूप से आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। कलेक्टर ने संपूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जेपी सैयाम को बनाया है। अनुविभागीय अधिकारी भिण्ड उदयसिंह सिकरवार को कार्यक्रम का सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। वे समस्त संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्थाऐं करेंगे तथा समय-समय पर कलेक्टर को अवगत कराएंगे।

जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं उनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड-अटेर को कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती, यातायात, सत्कार एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधी की जिम्मेदारी दी गई है। इसीप्रकार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को आंगनबाड़ी केन्द्र पर संपूर्ण व्यवस्था, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर को कार्यक्रम हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राही का चयन करना तथा घर पर संवाद/ भोजन इत्यादि की संपूर्ण व्यवस्था, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एवं एम्बूलेंस, चिकित्सक तथा मेडीकल संबंधी संपूर्ण व्यवस्था, अधीक्षण यंत्री म.प्र. विद्युत मण्डल को विद्युत संबंधी संपूर्ण व्यवस्था संबंधी जवाबदारी दी गई है।

इसीप्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अटेर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं, सहायक संचालक उद्यानिकी, डीपीएम एनआरएलएम भिण्ड एवं मैनेजर नावार्ड को कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी एवं सभा व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भिण्ड एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एनएच को एसएएफ हैलीपेड से ग्राम परा तक सड़क को दुरूस्त कराने संबंधी व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भिण्ड को हैलीपेड स्थल पर संपूर्ण व्यवस्था, सहायक जिला सेनानी 17वीं वाहिनी को समर हाउस पर संपूर्ण व्यवस्था, जिला आपूर्ति अधिकारी को भोजन संबंधी व्यवस्था, जिला आबकारी अधिकारी भिण्ड को क्रू मेम्बर की संपूर्ण व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल संबंधी व्यवस्था एवं जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड को मंच संचालन संबंधी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सीरवी समाज करमनघाट अलमासगुडा बडेर प्रागंण में डोयटण कार्यक्रम का आयोजन





पुष्पाजंली टुडे

**हैदराबाद।**सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडां वडेर प्रांगण में दिनांक 10 मार्च शुक्रवार को सुबह 11¬15 बजे को डोयटण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में आयोजनों के प्रमुख ममता देवी धर्मपत्नी सुरेश काग के सुपुत्र हर्षित के डोयटन के अवसर पर माताजी की आरती के पश्चात माताजी को प्रसाद का भोग लगाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष महोदय हंसाराम आगलेचा सचिव हिरालाल सैणचा एवं समाज बन्धुओं एंव काग परिवार ने आईमाताजी की आरती बोली गई। करमनघाट अलमासगुडां बडेर के गैर संचालक पुखराज चोयल, राजाराम चोयल एवं गैर मंडल के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा धारण कर फाग गीतों पर गैर नृत्य किया गया।महिलाओं ने भी समूह में नृत्य किया ।कार्यक्रम स्थल पर बाहर से पधारे मेहमानों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रखी गई । इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी कमेटी के कार्यकारिणी सहित समाज के गणमान्य पधार कर कार्यक्रम में भाग लिया। संस्था के सचिव हिरालाल सैणचा ने होली की शुभकामनाएं दी अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा ने कहा की होली एक ऐसा उत्सव है जो बुराइयों को भस्म कर हंसी खुशी का वातावरण बनाने का संदेश देता है ।समरसता और सद्भाव का सुंदर वातावरण विनिर्मित होता है। उन्होंने सभी समाज बंधुओ को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# लहार थाना पुलिस ने अन्तराज्जीय चोर गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़कर 23 वारदातों का किया खुलासा

## नवागत लहार थाना प्रभारी बरुण तिवारी की कार्यवाही,आरोपियों से 105 ग्राम सोना व 2.5 किलो चाँदी बरामद

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**-पुलिस अधीक्षक भिण्ड शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में होली त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये असमाजिक तत्वों एवं गुडा बदमाशों की धरपकड हेतु समराजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी लहार श्री अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लहार निरीक्षक बरुण तिवारी को दिनांक 08.03.23 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रोहानी जागीर व ग्राम उदोतपुरा में हुई चोंरियों के आरोपी जिला नीमच के रहने वाले है जो कि होली के त्यौहार पर अपने घर आये हुये है।उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी लहार निरीक्षक वरुण तिवारी ने एक पुलिस टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान के लिये रवाना हुये उक्त पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान कस्बा कुकडेश्वर जिला नीमच पहुंचे तो मुखविर द्वारा बताया गया कि उक्त तीनों आरोपी मैन रोड कुकडेश्वर पर कही जाने की फिराक में खड़े है।मुखबिर की सूचना पर तस्दीक हेतु बताये गये स्थान पर पहुंचे तो तीनों आरोपी पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर भागने लगे।जिन्हें हमराह पुलिस फोर्स की मदद से चारों तरफ से घेराबन्दी कर पकड लिया गया तथा नाम और पता पूछा गया जिनकी प्रकरण में आवश्यकता होने से सभी आरोपियों को गिर0 किया गया है तथा चोरी मेगा माल मसरुका कुल मिलाकर 105 ग्राम सोना बरामद किया गया है।इसी तारतम्य में सभी आरोपियों से पूछताछ की गयी तो पता चला कि आरोपियों द्वारा कोरियर ट्रक से वारदात करने जाते है तथा ट्रक को आउटर में खड़ा करके वारदात को अंजाम देते है और फिर उसी ट्रक से निकल जाते है।आरोपियों द्वारा पिछले कई सालो से लगातार इसी तरह चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है।उक्त सभी आरोपियों द्वारा जिला भिण्ड,महेश्वर जिला खरगौन,जिला नीमच, जावरा जिला रतलाम जिला चीन (म0प्र0) के अलावा जिला इटावा (उ0प्र), चित्तौडगढ, किशनगढ (राजस्थान), चित्रदुर्गा कोपलगाव (कनाटक), मेहसाना (गुजरात) में कुल मिलाकर 23 चोरियों को स्वीकार करना बताया है।पटना में शामिल 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा एक आरोपी अभी फरार है जिसकी गिर0 के प्रयास जारी है। उक्त सभी आरोपियों से और पूछताछ की जा रही है जिसमे और भी खुलासे होने की सम्भावना है। सभी आरोपियों के सम्बन्ध में विधिवत कार्यवाही थाना लहार में की गयी है।

**जप्त मशरूका का विवरण**-सोने के जेवरात (02 हार, 03 जंजीर, 03 मंगलसूत्र 03 जोडी वाला, 02 झुमकी। चांदी के जेवरात (20 नग पायल) लोहे के कटर 02,पेंचकस 03 नग, टामी 02 नग, एंड्राइड मोबाईल 6नग, कुल मशरूका 08 लाख रुपये।

**उक्त उल्लेखनीय कार्यबाही में इनकी रही**-थाना प्रभारी लहार निरीक्षक वरुण तिवारी, निरीक्षक जितेन्द्र सिसौदिया प्रभारी सायवर सेल जिला मन्दसौर एवं सायबर सेल भिण्ड, प्रकार मनोज कुमार, आर विशाल भदौरिया, और प्रदीप तोमर और शैलेन्द्र राजावत थाना मेहगाव आरण प्रदीप तोमर थाना मिहोना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

रंगोत्सव होली के त्यौहार पर मेहगांव पुलिस की पैनी नजर

# शांति पूर्वक त्यौहार संपन्न कराने मेहगांव पुलिस ने होली से रंग पंचमी तक कसी कमर



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** पुलिस ने शांति समिति की बैठक ली और लगातार पैदल मार्च से हुडदंगियो शांति पूर्वक त्यौहार मानने के सख्त संदेश दिए। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शैलेंद्र सिंह चौहान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपुसे व एसडीओपी महोदय मेहगांव आर के एस राठौड़ के निर्देशन में होली के त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए मेहगांव थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने अपने बल के साथ मेहगांव कस्बे में पैदल मार्च निकाला पैदल मार्च के दौरान , रोड पर खड़े हाथ ठेलो , दुपहिया, चारपहिया वाहनों को रोड से हटवाया साथ ही रोड के नीचे वाहन व ठेलो को लगाने कि हिदायत दी । नशेडियो पर लगाम लगाने हेतु रोड किनारे लगे ठेलो , मंडी, रेस्ट हाउस के आस पास चेकिंग कर नशा करते मिले लोगो को सख्त समझाइश दी गई ।जिन ग्रामों में पूर्व से विवाद है उन में बल के साथ मार्च निकाला गया , लोगो से बात कर उनको शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की हिदायत दी गई, इस कड़ी में पचेरा, बहुआ गांव में मार्च निकाला गया। मेहगांव कस्बे में चार स्थानों हाट बाजार, मुख्य मस्जिद के पास, भिंड तिराहा, गोरामी तिराहा पर फिक्स प्वाइंट ड्यूटी लगा कर भी रखी जा रही है नजर।

लाडली बहना योजना को पचा नहीं पा रहे हैं कांग्रेसी इसलिए महिलाओं को कर रहे हैं भ्रमित : जयप्रकाश राजौरिया

# किसानों का 2 लाख का कर्जा 15 माह में माफ नहीं कर पाए किसानों को 15 सौ पेंशन क्या दिला पाएंगे कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष : देवेंद्र सिंह नरवरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

जिला संगठन प्रभारी राजौरिया एवं जिला अध्यक्ष नरवरिया ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष के बयान का किया पलटवार

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भिंड जिले के संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया, एवं पार्टी जिला अध्यक्ष सिंह ने संयुक्त रूप से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के बयान का पलटवार करते हुए कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के लिए नई योजना लॉन्च की है लाडली बहना योजना जिसे कांग्रेश पचा नहीं पा रही है इस योजना से महिलाओं में काफी उत्साह और दिखाई देने लगा तो कांग्रेस ने भी विरोध करना शुरू कर दिया की महिलाओं को झूठ बोलकर 15 सौ रुपये की पेंशन देने की घोषणा के साथ वोट की रानी कर रहे हैं मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आपने 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों से झूठ बोलकर कि हम दो लाख तक का कर्जा माफ करेंगे बेरोजगारों को युवाओं को रोजगार देंगे क्या वह कर पाए यह कांग्रेस धोखेबाज पार्टी है, नाही कर्जा माफ कर पाए ना ही युवाओं को 4 हजार का भत्ता दे पाए हमारी प्रदेश की शिवराज सरकार ने जो कहा वह किया हमारी करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है।

जिला संगठन के प्रभारी राजोरिया एवं जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा की लाडली बहना योजना को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा को लेकर महिलाओं को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए महिला सशक्तिकरण की मजबूती के लिए इस योजना को प्रारंभ किया है और जैसे ही घोषणा मुख्यमंत्री ने की तो महिलाओं में उत्साह





सुनामी में फैल गया और जिसकी शुरुआत भी फार्म भरने की हो गई है सर्व समाज की मातृशक्ति को इस योजना का लाभ मिलेगा जिसे पचा नहीं पा रहे हैं और महिलाओं से झूठ बोलकर उन्हें भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है लेकिन हमारी मातृशक्ति लाडली बहना योजना का लाभ मिलेगा और शीघ्र ही शिवराज सरकार उनके खातों में 1 हजार की राशि पहुंचाएगी।जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया एवं पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहां की कांग्रेश और कमलनाथ जी बताएं कि आपने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की योजना जो पूर्व प्रारंभ की गई थी मुख्यमंत्री विवाह कन्यादान योजना के तहत 50 हजार की राशि देने की घोषणा की थी आज तक उनके बहनों के खातों में राशि क्यों नहीं पहुंचाई गई युवाओं को रोजगार क्यों नहीं दिया गया आपने हमारी गरीब कल्याणकारी योजनाओं को बंद और के साथ सौतेला व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि आपने रंग-बिरंगे फार्म भरा कर कर्ज माफी के नाम पर किसानों को झूठा भ्रमित किया और उनके वोट पर राजनीति क्या यही कांग्रेस की झूठ बोलने की संस्कृति है।भाजपा नेताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में हमारी केंद्र और राज्य सरकार महिलाएं जैसी योजनाओं को प्रभावी रूप से संचालित कर रही है हमेशा महिलाओं के सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। लाडली लक्ष्मी बहना योजना एक सर्व समाज की मातृशक्ति में महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने जा रही है। जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया, एवं जिला अध्यक्ष नरवरिया ने महिलाओं से कहा कि कांग्रेश के झूठे वादों में मत आना आप लोग लाडली बहना योजना का फार्म भरकर योजना का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेसी आपके यहां आए तो उनसे यह पूछना कि आपने 2 लाख का तो कर्जा माफ कर नहीं पाए ।उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता आपके प्रत्येक ग्रामीण और शहरी अंचल में लाडली बहना योजना को लेकर पहुंच रहे हैं आपके घर घर में फार्म बढ़ाकर अपने को मजबूती प्रदान कर शिवराज सरकार का योजना का लाभ प्राप्त करें और 15 मार्च से यह अभियान मध्य प्रदेश के हर जिला और पंचायत स्तर और वार्ड स्तर पर प्रारंभ कर दिया जाएगा। कांग्रेस की झूठी बातों में हमें नहीं आना शिवराज सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है आइए हम सब लाडली बहना योजना का लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने।




पाली जिले के देसूरी तहसिल के गांव अनेवा के हर्ष कुमार सैन ने गुजरात में 10 किलोमीटर मैराथन दौड़ में रहे प्रथम



## सम्पादकीय

# विकास दर की खुशी

*भारत में आर्थिक विकास की गति उत्साहजनक और प्रशंसनीय है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 13.5 फीसदी की गति से बड़ा है। जो अर्थशास्त्री भारत और भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास जता रहे थे, उन्हें इससे जरूर बल मिलेगा। अब एक तरह से यह तय हो गया है कि इस वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर कम से कम दो अंकों में तो जरूर रहेगी। अनेक एजेंसियों ने पहली तिमाही में करीब 13 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया था। हालांकि, भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी रिपोर्ट में 15.7 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। एक अनुमान और देख लीजिए, अगस्त की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर लगभग 16.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। ऐसे बेहतरीन अनुमान यदि साकार नहीं हुए हैं, तो इसकी वजहों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। अनेक देशों में मंदी को लेकर चिंता है, यहां तक कि चीन में भी अप्रैल-जून 2022 में 0.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में, भारतीय विकास की गति बहुतों को आश्चर्य में डाल सकती है, लेकिन यह सच है कि कोरोना से लंबे समय तक आहत रहा देश इस वित्त वर्ष में बुनियादी तेजी पकड़ने की ओर अग्रसर है। निश्चित रूप से हमारी विकास ज्यादा होती, अगर वैश्विक मंदी की आशंकाएं हमें घेर न रही होतीं और अगर पिछले दिनों कर्ज लेना कुछ महंगा न हुआ होता। फिर भी 13.5 प्रतिशत की विकास दर पर संशय जताने वालों को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत तुलनात्मक रूप से ज्यादा युवा और विकास की ज्यादा संभावनाओं वाला देश है। हां, यह जरूर कहा जा सकता है कि हमारा विकास हमारी क्षमता व जरूरत के अनुरूप अभी भी नहीं हो रहा। अभी भी जो विकास हो रहा है, उसमें निजी क्षेत्र की भूमिका सबसे ज्यादा है। गत अप्रैल-जून में निजी निवेश एक साल पहले की तुलना में 20.1 प्रतिशत बड़ा है,जबकि सरकारी खर्च में 1.3 फीसदी की बड़ोतरी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए ज्यादा पारदर्शिता, सरलता, निवेश की जरूरत है। फिर भी हम कह सकते हैं कि देश ने आपदा या मुश्किलों में भी अवसर तलाशने शुरू कर दिए हैं। एक चिंता या सवाल यह जरूर है कि जिसे कोर सेक्टर कहा जाता है, वहां सुस्ती लग रही है। कोर सेक्टर में आउटपुट या उत्पादन ज्यादा गति नहीं पकड़ पा रहा है। कोर सेक्टर में विकास दर 4.5 फीसदी रही है। विकास की यह दर छह महीने में सबसे कम है। कोर सेक्टर की विकास दर में लगभग हर महीने उतार-चड़ाव आना भी कोई अच्छी बात नहीं है। कोर सेक्टर मतलब कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली पर सरकार को ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि इन उत्पादों के मामले में विदेश पर हमारी निर्भरता ज्यादा न बड़े। आखिर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही हैड़ सरकार का घाटा क्यों बड़ रहा हैड़ 13.5 प्रतिशत की तिमाही विकास दर खुशी का अवसर भले हो, लेकिन हमें अभिभूत नहीं होना चाहिए। बहुत सी कमियां हैं, उन्हें जल्दी दूर करना होगा। विकास में तेजी जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि हर किसी तक उसका लाभ पहुंचे।*

## राशिफल



**मेष**–जीवनसाथी के स्वास्थ्य और सम्बन्ध पर ध्यान देने की जरूरत है। आपका भी स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं दिख रहा है। प्रेम और संतान की स्थिति बहुत अच्छी बनी हुई है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय है। मां काली की अराधना करते रहें।

**वृषभ**–शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। उन्हें परास्त कर देंगे लेकिन स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ होगा। हरी वस्तु पास रखें।

**मिथुन**–बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत हैं। विद्यार्थी थोड़ा असमंजस में पड़े रहेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम और संतान मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ संकेत है। मां काली की अराधना करते रहें।

**कर्क**–स्वास्थ्य प्रभावित होगा। सीने में विकार की आशंका है। घर में कलहकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। ध्यान दें। प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ होगा। मां काली की अराधना करते रहें। कुछ सफेद वस्तु उन्हें अर्पित करें। शुभ होगा।

**सिंह**–पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है लेकिन नाक-कान-गला की परेशानी हो सकती है। प्रेम और व्यापार की स्थिति ठीक है। व्यापार भी सही चल रहा है। पीली वस्तु पास रखें।

**कन्या**–मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। किसी भी प्रकार का निवेश करने से बचें। धनहानि का संकेत है। स्वास्थ्य, प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से करीब-करीब ठीक है। शनिदेव की अराधना करते रहें।

**तुला**–स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम और संतान की स्थिति मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से मध्यम समय कहा जाएगा। कुल मिलाकर थोड़ा मध्यम समय है। शनिदेव की अराधना करते रहें। कोई भी सफेद वस्तु पास रखें।

**वृश्चिक**–चिंताकारी सृषटि का सृजन हो रहा है। मन व्यथित रहेगा। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा, खर्च की परेशानी, अज्ञात भय सताएगा। प्रेम, संतान, व्यापार मध्यम है। सफेद वस्तु काली मंदिर में अर्पित करना शुभ होगा।

**धनु**–आय में आशातीत बढ़ोत्तरी होगी। आय के मार्ग का जरूर विश्लेषण कर लें। कोई समस्या न हो। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम और संतान की स्थिति भी मध्यम है। व्यापार करीब-करीब ठीक चलेगा। बजरंग बाण का पाठ करें।

**मकर**–कोर्ट में हार का सामना करना पड़ सकता है या जीत में भी किंतु-परंतु के साथ जीत होगी। राजनीतिक गलियारों में थोड़ा मुश्किल समय दिख रहा है। व्यापार में कोई नई शुरुआत न करें। प्रेम और संतान की स्थिति सही चलती रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से मध्यम समय कहा जाएगा। मां काली की अराधना करते रहें।

**कुंभ**–जोखिम से उबर चुके हैं लेकिन मान-प्रतिष्ठा के लिए यह सही समय नहीं है। स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। प्रेम और संतान की स्थिति भी नरम-गरम है। व्यापार सही चलेगा। भगवान गणेश की अराधना करते रहें।

**मीन**–परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यात्रा में ध्यान देने की जरूरत है। वाहन तेज न चलाएं। मां काली की अराधना करें। सफेद वस्तु अर्पित करें। शुभ होगा।

# उच्च शिक्षण संस्थानों का साथ लें

भारत विकसित होने की राह पर है। अभी हाल में प्रधानमंत्री ने आने वाले पच्चीस वर्षों में भारत को विकसित देश बनाने का नारा भी दिया है। भारत में इस वक्त दुनिया के किसी भी विकसित देश से कई गुना ज्यादा विकास परियोजनाएं चल रही हैं। गरीबों की जीवन शक्ति, विकास की चाह रखने वालों में क्षमता निर्माण, आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, महिला शक्ति निर्माण, सामाजिक संयोजन, आर्थिक समाहितीकरण की अनेक योजनाएं भारत सरकार संचालित कर रही है। साथ ही, जलशक्ति, गतिशक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण, इकोनॉमिक कॉरिडोर, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी आंतरिक सुरक्षा, ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक परियोजनाएं केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा संचालित की जा रही हैं। इन सभी परियोजनाओं का लक्ष्य भारत को विकासमान महाशक्ति बनाना तो है ही, साथ ही इनसे भारत में विकास का महाआख्यान गड़ने की कोशिश भी है, जो देश में विकासात्मक हस्तक्षेप और विकास की आकांक्षा व प्रेरणा विकसित कर सके। लेकिन विडंबना यह है कि विकास के इस अभियान के इर्द-गिर्द अभी ज्ञान निर्माण का कार्य नहीं हो सका है। भारतीय राज्य खुद ही अभियान चला रहा है और अभियान को लागू होते हुए खुद ही देख रहा है। इसमें 'एक तीसरे पक्ष' की जरूरत है। वह पक्ष हमारे देश के 'उच्च शिक्षा संस्थान' हो सकते है, जो अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों और इनसे होने वाले सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक बदलाव का आकलन कर सकते हैं। वे हमारी विकास प्रक्रिया के उपयोगी दस्तावेजीकरण को अंजाम दे सकते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि भारत में 1,000 से ज्यादा विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 54 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 416 राज्य विश्वविद्यालय, 125 डीम्ड यूनिवर्सिटी, 361 निजी विश्वविद्यालय, 159 राष्ट्रीय महत्व के शोध संस्थान, जिनमें अनेक आईआईटी व आईआईएम शामिल हैं। ये सभी देश के विभिन्न भागों में फैले हैं। वन क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र, मरुस्थल, सामूहिक क्षेत्र, हर जगह कोई न कोई उच्च शिक्षा का संस्थान है। इनके साथ कॉलेजों को जोड़ दिया जाए, तो संख्या लाखों तक जा सकती है। उच्च शिक्षा के ये संस्थान भारत में विकास की 'तीसरी आंख' बन सकते हैं, जो निरपेक्ष होकर विकास की इस गति को देख सके और उसकी समुचित व्याख्या कर सके।

दुनिया के अनेक देशों में विश्वविद्यालय अपने-अपने मुल्क में विकास के 'थिंक टैंक' के रूप में सक्रिय हैं। दुनिया में ऐसे अनेक विश्वविद्यालय हैं, जो अपने समाज और देश में विकासपरक हस्तक्षेप के कारण हो रहे सामाजिक बदलावों के 'आर्काइव' और डाटा केंद्र के रूप के सक्रिय तो हैं ही, साथ ही, अपने-



अपने समाज में विकास के प्रकाश स्तंभ और विचार केंद्र के रूप में भी कार्यरत हैं। भारत में उच्च शिक्षा संस्थान मूलतः शिक्षा व डिग्री देने के केंद्र के रूप में कार्यरत हैं। यह ठीक है कि इस प्रक्रिया में वे ऐसे छात्र पैदा करते हैं, जो विकास के इस अभियान में मानवीय शक्ति व एजेंसी के रूप में कार्य कर सकें, किंतु इससे भी आगे बड़कर इन्हें भारत में विकास के विचार केंद्र के रूप में भी विकसित होने की अपेक्षा की जानी चाहिए। भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को अपने वजूद में यह एक नया आयाम शामिल करने की जरूरत अभी बाकी है। हमारे उच्च शिक्षा संस्थान विकास के विचार केंद्र एवं तीसरी आंख बन सकें, यह हमारे समय की एक बड़ी जरूरत है। विकास के प्रयास सिर्फ आर्थिक-प्रशासनिक क्रिया ही नहीं, वरन एक विचार, दर्शन व विवेक के बड़े फ्रेम की भी मांग करते हैं। यह कार्य कोई राजसत्ता अकेले नहीं कर सकती। अभी तक बिना बौद्धिक विचार एवं आकलन के विकास का महायज्ञ किसी भी राष्ट्र में सफलतापूर्वक पूरा नहीं हो सका है। भारत जब आज विकसित राष्ट्र बनने की जद्दोजहद की रहा है, तब भारतीय विश्वविद्यालय इस प्रक्रिया के मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। उन्हें विकास का न सिर्फ अध्ययन करना होगा, बल्कि विकास में हरसंभव सहयोग भी करना होगा। जिन देशों में तेज आर्थिक विकास हुआ है, उनमें विश्वविद्यालयों की भूमिका व्यापक है। आज हम जहां भी हैं, वहां राज्य या सरकार सक्रिय है। उसकी सक्रियता कई रूपों में है। उनमें एक है - विकास परियोजनाओं का संचालन व उनसे बन रहा लाभार्थी समुदाय। हम जहां भी हैं, वहां के हमारे आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में कुछ न कुछ घटित हो रहा है। हमारे दैनिक जीवन में हो रहे इन बदलावों का दस्तावेजीकरण और उन पर गहन शोध की जरूरत है। यह कार्य राजसत्ता अकेले नहीं कर सकती, इसके लिए उच्च शिक्षा संस्थानों को साथ लेना होगा। शायद इसकी जरूरत आज महसूस की जाने लगी है। भारत सरकार का शिक्षा विभाग देश के कई बड़े विश्वविद्यालयों, आईआईटी एवं आईआईएम का एक संयुक्त पुल तैयार कर रहा है, जो देश के विकास के प्रयासों का नीतिगत आकलन तो करेगा ही, उनके सामाजिक प्रभावों का भी अध्ययन करेगा। साथ ही, ये केंद्रीय महत्व के शिक्षा संस्थान भारत सरकार के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर अपने को 'विकास के थिंक टैंक' के रूप में स्थापित कर सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर भारत में विकास दृष्टि, उनका आकलन और उनके सामाजिक प्रभावों पर अध्ययन करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है। इसे 'ज्ञान की विरासत' निर्माण के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। सचमुच विकास ढांचागत संरचना ही निर्मित नहीं करता, वरन बौद्धिक संपदा भी सृजित करता है, किंतु यह 'बौद्धिक संपदा' अभी तक प्रायः असंकलित, अपरिभाषित ही है। हो सकता है, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की यह पहल एक ऐसी बौद्धिक संपदा सृजित करे, जो भविष्य में हमें सार्थक परिणाम दे। ऐसी 'ज्ञान परंपरा' राष्ट्र निर्माण की शक्ति भी देगी। इसके लिए जरूरी है कि हमारे देश में उच्च शिक्षा संस्थान सक्रिय होकर आगे आएं और विकास में अपनी भूमिका बड़ाएं। अभी तक कुछ उच्च शिक्षा संस्थानों के समाज विज्ञान व विकास अध्ययन विभाग इस दिशा में सक्रिय हैं। जरूरत है कि जो उच्च शिक्षा संस्थान जहां भी स्थित हैं, वहां की जिम्मेदारी लें, बदलावों का उपयोगी लेखा-जोखा रखें और अन्य संस्थानों के साथ साझा करें। बेशक, ये संस्थान अगर तीसरी आंख बन गए, तो देश विकास के पथ से जरा भी नहीं भटकेगा।

# सूदखोर महाजनों से भी ज्यादा खतरनाक होने लगे लोन एप




एक दुखद खबर 24 अगस्त, 2022 के अखबार में नजर आई। खबर के अनुसार, एक लोन एप से तीन लाख रुपये के पर्सनल लोन लेने के बाद रिकवरी एजेंट ने इंदौर के अमित यादव को मानसिक रूप से इतना उत्पीड़ित किया कि उन्होंने अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। वर्ष 2022 के जुलाई महीने में लोन एप के जरिये लोन लेने वाले तीन लोगों ने तेलंगाना में खुदकुशी की थी, जिसकी जानकारी राज्य सरकार ने रिजर्व बैंक को पत्र लिखकर दी। राज्य सरकार के अनुसार, लोन एप से जुड़े आपराधिक मामलों में वर्ष 2022 में 1300 प्रतिशत की बड़ोतरी हुई है। वर्ष 2021 में यह संख्या 61 थी, जो वर्ष 2022 में बड़कर 900 हो गई है। जनवरी 2020 से मार्च 2021 तक लोन एप के खिलाफ केंद्रीय बैंक को 2,500 से अधिक शिकायतें मिली हैं। इस तरह, कोरोना काल में लोन एप के जरिये कर्ज लेने वालों के उत्पीड़न के मामले काफी बड़ गए हैं। लोन एप की वजह से आत्महत्या करने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, मगर अभी तक गैर-पंजीकृत लोन एप पर लगाम नहीं लगाया जा सका है। अभी लगभग 1,100 लोन एप हैं, जिनमें से 600 से अधिक गैर-पंजीकृत हैं। लोन एप 500 से 10,000 रुपये तक के तत्काल पर्सनल लोन देने की पेशकश करते हैं। कई लोन एप 7 से 30 दिनों तक के लिए भी लोन देते हैं। गैर-पंजीकृत लोन एप द्वारा लोन देने के मॉडल को 'चीनी लोन एप' भी कहा जाता है। गैर-पंजीकृत लोन एप की गूगल प्ले स्टोर पर मौजूदगी को नियंत्रित करने के संभावित उपायों पर सरकार विचार कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 10 अगस्त को मामले में ठोस कानून बनाने का आग्रह सरकार से किया है। केंद्रीय बैंक चाहता है कि लोन एप ऋण की राशि ऋण लेने वालों के बैंक खाते में सीधे जमा करे। लोन एप का समय-समय पर ऑडिट भी कराया जाए। साथ ही, सुनिश्चित किया जाए कि लोन एप मोबाइल फोन के संसाधनों, जैसे फाइलों, गैलरी, संपर्क सूची, कॉल लॉग्स, टेलीफोन के फंक्शन आदि तक पहुंच न बनाएं। अमूमन भुगतान की तारीख निकलने के बाद लोन एप के एजेंट कर्जदारों को प्रताड़ित करना शुरू करते हैं। वे लोन लेने वालों को जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ आपत्तिजनक बिगाड़ी गई तस्वीरों को दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ साझा करने की भी धमकी देते हैं। लोन एप एजेंटों की मंशा कर्ज की राशि से कई गुना ज्यादा रकम उधारकर्ताओं से वसूलने की रहती है। लोन एप के एजेंट बिना कर्ज लिए ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कर्जदार बताकर उनसे पैसों की वसूली भी करते हैं। ऐसी ब्लेकमेलिंग छोटी धनराशि के लिए की जाती है। कहा जाता है कि आपने हमसे कर्ज लिया है और अगर दो-तीन दिनों में पैसे वापस नहीं करेंगे, तो आपकी नितांत निजी तस्वीरें वायरल कर दी जाएंगी। कर्जदार के अलावा लोन रिकवरी एजेंट उसके मित्र या रिश्तेदार से भी वसूली करते हैं। लोन एप के जरिये ठगी को बड़ावा देने का काम भी सोशल मीडिया कर रहा है। वहां लोन एप के विज्ञापन खूब आते हैं। वाट्सएप के जरिये भी ऐसे विज्ञापन लोगों तक पहुंच रहे हैं। दो से पांच हजार रुपये तक का कर्ज लेने वाले लोग बिना दिशा-निर्देशों को पड़े-जाने कर्ज ले लेते हैं। लोन एप के जरिये बड़ती ठगी की वजह से केंद्रीय बैंक ने अपनी रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा है कि लोग लोन एप से ऋण लेते समय बहुत सतर्क रहें। बैंक खाते की जानकारी, डेबिट-क्रेडिट कार्ड का पिन नंबर किसी से शेयर न करें। प्रोसेसिंग फीस के रूप में अगर ज्यादा पैसे मांगे जा रहे हैं, तो ऋण नहीं लें। लोन एप की रेटिंग जरूर देख लें, उसका रिव्यू भी पड़ लें, यह भी पता कर लें कि वह पंजीकृत है या नहीं। आधार नंबर, पैन कार्ड के एवज में ऋण देने वाले लोन एप से भी ऋण न लें। यदि लोन रिकवरी एजेंट किसी तरह की धमकी दे रहा है, तो तुरंत पुलिस के साइबर सेल में शिकायत करें। ठगी से बचने के लिए लोक-लाज की परवाह नहीं करें और न ही कानूनी प्रक्रिया से डरें। देखा जाए, तो लोन एप सूदखोर महाजन या साहूकार से भी ज्यादा खतरनाक है। पुलिस में शिकायत के बावजूद ठगों को पकड़ना आसान नहीं होता है। इसलिए सावधानी ही बचाव है।

# अग्निपथ के बाद नीतिपथ की दरकार

बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं को मुहैया कराने में भारत मूलतः इसलिए सफल नहीं हो पा रहा, क्योंकि प्रशासनिक क्षमता की कमजोरियों को दूर करने में यह सक्षम नहीं दिख रहा। पिछले दो दशक में राजनेताओं और नीति निर्माताओं ने प्रशासनिक सुधार की जटिल समस्या को टालने का ही काम किया है। इसके बजाय उन्होंने सार्वजनिक सेवाओं को मुहैया कराने के लिए निजीकरण, सार्वजनिक-निजी भागीदारी व प्रौद्योगिकी जैसे नए-नए तरीके अपनाए। मानव-सौहार्द, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, कौशल विकास जैसी सार्वजनिक सेवाएं मुहैया कराने की कोशिश भी की गई है। हालांकि, यह सब प्रदान कराना राष्ट्र का कर्तव्य होना चाहिए, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रहा है। सार्वजनिक सेवा मुहैया कराने का यह मिश्रित मॉडल सफल रहा है, लेकिन इसमें लागत काफी ज्यादा है। नौकरशाहों की संख्या बड़ाने और क्षमताओं को उन्नत बनाने का दबाव सिविल सेवा के ऊपर नहीं होता। बदलाव के लिए इसे तंत्र से प्रेरणा भी नहीं मिलती। कई मामलों में तो विशेष रूप से निचले स्तर की सिविल सेवा अपने हाथ खड़े कर देती है, क्योंकि लक्ष्य उसके लिए दुस्साध्य होता है। प्रेरणा, प्रशिक्षण और प्रदर्शन प्रबंधन की कमी के कारण सिविल सेवा देश के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने के लिए अपने कुछ सेवकों पर निर्भर हो जाती है। कई सिविल सेवक निजी तौर पर असाधारण मेहनत करते भी हैं। उनको जबर्दस्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, मगर वे सुनिश्चित करते हैं कि देश कम से कम बुनियादी प्रदर्शन बेहतर करता रहे। फिर भी, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है कि सिविल सेवा में सुधार काफी जरूरी है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने दिसंबर 2020 में सिविल सेवा क्षमता निर्माण के राष्ट्रीय कार्यक्रम, यानी 'मिशन कर्मयोगी' की शुरुआत की थी। यह एक बहुआयामी प्रयास है, जिसमें भर्ती, प्रशिक्षण, प्रदर्शन, प्रबंधन, पुरस्कार आदि तमाम तत्व शामिल हैं। सरकार चाहे, तो सैन्य भर्ती की अपनी नई योजना जैसा प्रयास इसमें भी कर सकती है। अग्निपथ योजना के कई पहलू सिविल सेवा में भर्ती के लिए मॉडल बन सकते हैं।

भारत के सबसे सम्मानित पुलिस अधिकारियों में से एक प्रकाश सिंह ने हाल ही में अखिल भारतीय सेवाओं के लिए अग्निपथ जैसी योजना बनाने की वकालत की।



उन्होंने 10, 25 और 30 साल की सेवा के बाद अधिकारियों की सेवा-समाप्ति की बात भी कही। यह शीर्ष स्तर पर अधिकारियों की भारी-भरकम फौज को तर्कसंगत बनाएगा और सार्वजनिक सेवा व प्रदर्शन की संस्कृति कायम करेगा। वास्तव में, केंद्र सरकार को सैन्य अधिकारियों की शॉर्ट सर्विस कमीशन और अग्निपथ योजना जैसी 'नीतिपथ योजना' शुरू करनी चाहिए।

इसमें सरकार शीर्ष स्तर के पदों की संख्या बड़ाए बिना और करियर पथ को बाधित किए बिना प्रवेश स्तर पर चार गुना अधिक उम्मीदवारों की भर्ती कर सकती है। इसका अर्थ है कि अखिल भारतीय सेवाओं के लिए 600 से 1,000 उम्मीदवारों के बजाय हर साल 4,000 अधिकारी सिविल सेवा में प्रवेश कर सकेंगे। चौथे वर्ष के बाद उनके प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए उनमें से केवल 25 फीसदी को सेवा में रखा जाएगा, जिससे निचले स्तर पर कई युवा अधिकारी आएंगे। उनको सेवा व प्रदर्शन के लिए अच्छा-खासा प्रोत्साहन दिया जाएगा और सरकार में काम करने का अनुभव भी उनको मिलेगा। शीर्ष 4,000 अखिल भारतीय रैंक धारकों की औसत गुणवत्ता निश्चय ही शीर्ष 1,000 की औसत गुणवत्ता से बहुत अलग नहीं होगी। इसलिए महज परीक्षा और साक्षात्कार के अंकों से चयन करने की तुलना में चार साल की समीक्षा अवधि सरकार को चयन का बेहतर विकल्प देगी। चौथे वर्ष के बाद केंद्रीय सिविल सेवा छोड़ने वाले करीब 3,000 अधिकारियों को राज्य सेवाओं में नियोजित किया जा सकता है, जहां आज चयन का भारी संकट है, सिविल सेवकों की कमी है और बेहतर शासन की तीव्र मांग है। रिक्तियों को भरने से सरकार कहीं अधिक प्रभावी तरीके से काम कर सकेगी। जैसे, आदित्य दासगुप्ता और देवेश कपूर का अनुमान है कि प्रखंड विकास कार्यालयों में औसतन 48 फीसदी पद रिक्त हैं और उन पर नियुक्ति करने से मनरेगा रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। यह भी जगजाहिर तथ्य है कि हमारे पास आबादी के अनुपात में बहुत कम प्रशासक, पुलिस अधिकारी, राजनयिक और अन्य अधिकारी हैं, और विश्व औसत की तुलना में यह संख्या लगातार घट रही है। कपूर बताते हैं कि अमेरिका में जहां 2014 में संघीय सरकार में प्रति 1,000 की आबादी पर महज आठ सिविल सेवक थे, वहीं भारत में नौकरशाहों की संख्या 4.51 थी। अपने देश में यह आंकड़ा 1995 में 8.47 था। स्थानीय स्तर पर सिविल सेवाएं काफी कमजोर हैं। ऐसे में, अगर चार साल के बाद कुछ भी नहीं बदलता है, तब भी नीतिपथ योजना नौकरशाहों की संख्या के मामले में एक बड़ा सुधार लाएगी। चार साल के बाद सरकारी सेवा छोड़ने वालों की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। इसकी काफी संभावना है कि कई सिविल सेवक अपनी मर्जी से उच्च शिक्षा या निजी कारोबार के लिए इसे छोड़ना पसंद करेंगे। ऐसे अधिकारी अर्थव्यवस्था को व्यापक रूप से फायदा पहुंचा सकेंगे। इसके अलावा, प्रकाश सिंह का यह भी सुझाव है कि हर पांच साल में उनके प्रदर्शन की समीक्षा करनी चाहिए और उसके आधार पर सेवा-समाप्ति की प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जिससे देश के प्रशासनिक तंत्र में संरचनात्मक सुधार हो सकेगा। वास्तव में, दुनिया भर में हर जगह सरकार की क्षमता सामाजिक-आर्थिक विकास में पिछड़ जाती है। यह शासकीय अंतर भारत में काफी ज्यादा है और दिनोंदिन गहराता जा रहा है। इसे पाटने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और प्रोत्साहन के साथ उचित संख्या में प्रतिभा की दरकार है। 100 साल का भारत अपनी सफलता की दास्तां तभी कह सकेगा, जब देश अच्छी तरह से अपना काम करेगा और इसके लिए 'नीतिपथ' एक माकूल रास्ता है। एक बात और, 'नीतिपथ' शब्द गड़ने का श्रेय ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के समीर सरन को देना चाहिए, जिनसे एक दिन मेरी इस मुद्दे पर सार्थक बातचीत हुई थी।

# विवेक अग्निहोत्री ने विराट अनुष्का के महाकालेश्वर मंदिर पर क्यों कहा बदलाव जिंदगी का दूसरा नाम है

अक्सर अनुष्का और विराट को तीर्थ स्थानों पर भगवान का आशीर्वाद लेते हुए देखा जाता



है। कपल भगवान में भरपूर आस्था रखता है, और ज्यादातर इस जोड़े को साथ में मंदिर देखा जाता है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ हाल ही में उज्जैन के महा कालेश्वर मंदिर पहुंचे, बता दे कल सुबह 4 बजे की भस्मा आरती के दौरान विराट और अनुष्का को मंदिर परिसर में देखा गया। महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे अनुष्का विराट की फोटो सोशल मीडिया पर छाई हुई है। आरती के दौरान दोनो ने जय महाकाल का जयकारा लगाया वही डेढ़ घंटे तक इस भास्मा आरती में शामिल होकर उन्होंने आरती के बाद अभिषेक भी किया था इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है आपकी जानकारी के लिए बता दे इससे पहले के ल राहुल और अथिया शेट्टी को महाकाल के दर्शन करते देखा गया था।फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ट्विटर पर काफी एक्टिव दिखाई देते है और हर मुद्दों पर अपना सुझाव देते रहते है। हाल ही में उन्होंने अनुष्का और विराट पर तंज कसा है विवेक ने अपने ट्विटर हैंडल पर महाकालेश्वर मंदर से अनुष्का

# बेहद ही खास अंदाज में दीपिका पादुकोण की तारीफ करते नजर आये अनुपम खेर, देख पागल हुए फैंस

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर उनकी जितना प्रशंसा की जाये शायद कम ही होगी। अपने लाजवाब अभिनय प्रदर्शन से न जाने वह बॉलीवुड को कितनी अच्छी फिल्मो से सरहा चुके हैं। वे न केवल एक बेहतरीन कलाकार हैं बल्कि वे कई स्टार्स को ट्रेनिंग भी दे चुके हैं जिनका जीवन आज अलग उचाईयों को छू रहा हैं। इन बड़े स्टार्स में एक नाम दीपिका पादुकोण का भी शामिल होता है। इस बात को शायद ही बेहद कम लोग जानते होंगे कि बॉलीवुड में कदम रखने से पहले दीपिका पादुकोण अनुपम खेर के एक्टिंग स्कूल में तीन महीने अभिनय की बारीकियां सीख चुकी हैं वह एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले उनकी शिष्य रह चुकी हैं। इसी क्रम में एक्ट्रेस के 12 मार्च को होने वाले ऑस्कर 2023 की प्रेजेंटर बनने पर अभिनेता अनुपम खेर ने अभिनेत्री के लिए पोस्ट शेयर कर खुशी जताई हैं। अभिनेत्री



दीपिका पादुकोण ने ना सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी अपना सिक्का जमा लिया है हॉलीवुड में भी अब उनके काम को बहुत सराहना मिल रही हैं। एक्ट्रेस 12 मार्च को होने वाले ऑस्कर 2023 की प्रेजेंटर बनेंगी उनके साथ हॉलीवुड एक्ट्रेस जो सलदाना और डोनी येन भी नजर आएंगे। इस खबर के सामने आने के बाद से हर कोई एक्ट्रेस को बधाई देते हुए और उनकी तारीफ करते हुए दिखाई दे रहा है और हो भी क्यों न आखिर दीपिका इतने बड़े मंच पर जो पहुंच रही हैं। वहीं अब उनके गुरु रह चुके अनुपम खेर ने भी दीपिका की एक पुरानी तस्वीर को शेयर करते हुए उनके लिए एक खास नोट लिखा है जिसे पढ़कर अभिनेत्री काफी खुश हुई होंगी।अनुपम खेर ने ये तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। जो उनके एक्टिंग स्कूल की है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्टर ने दीपिका की तारीफ में लिखा कि, डियरेस्ट। इस साल के ऑस्कर प्रेजेंटर्स में से एक होने पर बधाई! हर बार जब आप सफलता की सीढ़ी पर एक कदम ऊपर चढ़ते हैं, तो हम आपकी यात्रा का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हैं। आपका टीचर होने के नाते मैं हमेशा जानता था कि इस आकाश की सीमा नहीं है, तुम परे जाओगे !! प्यार और आशीर्वाद हमेशा!..पठान को भी बधाई! जय हो। बता की अनुपम की इस पोस्ट पर फैंस उनकी काफी प्रशंसा कर रहे उनकी इस पोस्ट पर एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा कि, श्ओह माय गॉड, कितनी प्यारी हैश। वहीं दूसरे फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, ये बहुत प्यारा है। बता दें कि दीपिका के साथ इस अवॉर्ड में एमिली ब्लंट, सैमुअल एल जैक्सन, ग्लेन क्लोज, ड्वेन जॉनसन, माइकल बी जॉर्डन, जैनेल मोने, जो सलदाना, जेनिफर कॉनेली, रिज अहमद और मेलिसा मैक्कार्थी भी शामिल होंगे। 95वां अकेडमी अवॉर्ड 12 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉली थिएटर में आयोजित किया जाएगा जोकि हर बार की तरह बेहद शानदार होगा।

# सलमान खान को छिछोरा बताना इस पाक एक्ट्रेस को पड़ा भारी, भड़के भाईजान के फैन तो मांगनी पड़ी माफी

सलमान खान हिंदी सिनेमा के सबसे चहीते सितारों में से एक हैं। दुनियाभर में सुपरस्टार के चाहने वाले मौजूद है। सलमान खान की तगड़ी फैन फॉलोइंग है और सब उन्हें प्यार से भाईजान बुलाते हैं। सलमान खान की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब रहते है। मगर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में एक ऐसी एक्ट्रेस भी है जिसकी नजरों में सलमान खान शछिछोरेश हैं। जी हां पाकिस्तान की मशहूर एक्ट्रेस सबा कमर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वो बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को छिछोरा कहती नजर आ रही हैं। बता दें कि पाक एक्ट्रेस सबा कमर इरफान खान के साथ फिल्म हिंदी मीडियम में नजर आ चुकी हैं।



एक्ट्रेस के इस वीडियो को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया गया था।

दरअसल, सबा कमर का ये 8 साल पुराना वीडियो है जो इन दिनों इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। साल 2015 में सबा पाकिस्तानी टीवी शो 'गुड मॉर्निंग जिंदगी' के एक एपिसोड में नजर आई थीं। शो के दौरान एक्ट्रेस को ऋतिक रोशन, इमरान हाशमी, रणबीर कपूर, रितेश देशमुख और सलमान खान सहित कई बॉलीवुड स्टार्स की तस्वीरें दिखाई गईं और उनके बारे में अलग–अलग सवाल किए गए थे। इस दौरान जब सलमान खान की फोटो स्क्रीन पर आई तो एक्ट्रेस से उनको ना बोलने की वजह पूछी गई। जिसपर सबा ने कहा था कि, या अल्लाह माफ कर दें, सल्लू भैया से बहुत डर लगता है...बहुत छिछोरे है आप! वो कोरियोग्राफर को बिल्कुल भी फॉलो नहीं करते हैं और अपने ही कुछ भी स्टेप बना लेते हैं।" गौरतलब है कि सबा कमर के इस वीडियो के सामने आते ही सलमान खान के फैंस आग बबूला हो गए थे और सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरु कर दिया था। वहीं, वीडियो पर फैंस के भड़कने के बाद सबा ने अपने बयान पर सफाई भी दी थी। उन्होंने कहा था कि शो में उन्होंने एक्टर के बारे में जो कुछ भी कहा वो सिर्फ श्मजेश के लिए था। बयान में एक्ट्रेस ने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री और खासकर सलमान खान के लिए अपना प्यार और सम्मान देते हुए उन्हें बड़ा स्टार और विनम्र भी बताया था।

# आखिर क्यों सारा अली खान ने साल 2020 को बताया सबसे खराब साल, कहा– पहले ब्रेकअप और फिर

बॉलीवुड की बिंदास और बबली एक्ट्रेस कही जाने वाली सारा अली खान इंडस्ट्री की आज जानी–मानी नाम बन चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड को कई शानदार फिल्में दी हैं। हालांकि फिलहाल सारा का बॉलीवुड करियर कोई खास उभरता हुआ नजर नहीं आ रहा हैं। एक्ट्रेस की अभी अधिकांस फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप जा रही हैं। अब इसके पीछे की वजह भी खुद एक्ट्रेस ने बता दी है। दरअसल हाल ही में सारा अली खान एक चौट शो में नजर आई थी। जहां सारा अपने बुरे दिन या कहे तो बुरे साल को याद करती हुई नजर आई हैं। जहां सारा यह कहते दिखी है की– साल 2020 उनके लिए काफी बुरा रहा। साल की शुरुआत उनके ब्रेकअप से हुई थी और फिर ये बुरा वक्त उनकी फिल्मों



पर भी जा पहुंचा। बता दे की साल 2020 में सारा की अधि।कांस फिल्में फ्लॉप हुई थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि ट्रोलिंग का इतना असर नहीं हुआ क्योंकि वह पहले से ही खराब पर्सनल स्पेस में थीं।श सारा ने इस दौरान लव आज कल और कुली नंबर 1 में गलतियां करना भी स्वीकार किया।

# सौतेले बेटे इब्राहिम अली को करीना कपूर ने इस अंदाज में किया बर्थडे विश, फैंस देखते ही रह गए


बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी के बेटे इब्राहिम अली खान का आज सौतेली मां करीना कपूर भी विश करती नजर आई है। आज अमृता सिंह के बेटे के बर्थडे पर



जन्मदिन है। इब्राहिम आज 22 साल के हो गए है। आज एक्टर के बेटे के जन्मदिन पर उनके परिजन और उनके फैंस उन्हे विश कर रहे है, लेकिन इस बार इब्राहिम के बर्थडे पर उनकी करीना कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बेटे तैमूर और जहांगीर के साथ इंब्राहिम की एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। साथ ही तस्वीर को शेयर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा है, सबसे प्यारे और सबसे सुंदर लड़के को जन्मदिन मुबारक हो! बता ये यह तस्वीर पिछले साल सैफ के घर पर उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की है। इस फोटो पर पिछले साल सबा ने शानदार कैप्शन के साथ शेयर किया था और कैप्शन में लिखा था, बेबो के लड़के! एक और तस्वीर मिली और मुझे शेयर करनी पड़ी! इब्राहिम अपने दोनों भाइयों के प्रति सुरक्षतामक भाव को याद नही कर सकता.. माशाअल्लाह! इसके अलावा बता दे सबा अली खान ने आज भी इब्राहिम के लिए बर्थडे विश करते हुए स्टोरी शेयर कर लिखा है मेरा सुंदर भतीजा..जन्मदिन मुबारक हो, आई लव यू एंड आईएम प्राउड ऑफ यू!

# इरा खान की ये तस्वीर है काफी खास, माँ संग यूँ प्यार लुटाती नजर आ रही हैं आमिर खान की लाड़ली

आमिर खान की लाड़ली बेटी इरा खान जब से बॉयफ्रेंड संग सगाई रचाई हैं तभी से इरा लगातार खबरों में बनी रहती हैं। लेकिन फिर एक बार इरा से जुडी एक खबर काफी सुर्खियां बटोरती नजर आ रही हैं। हाल ही में आमिर खान की बेटी इरा खान ने मां रीना दत्ता पर प्यार लुटाते हुए उनके साथ एक प्यारी सी तस्वीर को शेयर किया है। वायरल हो रही इस तस्वीर में रीना दत्ता और इरा खान के बीच का बॉन्ड बहुत साफ तौर पर नजर आ रहा है। रेस्टोरेंट में बैठे हुए खींची गई इस तस्वीर में आप देख ही सकते हैं कि कैसे इरा खान अपनी मां के साथ एक ही चेयर पर बैठी नजर आ रही हैं और इनके बीच का ये प्यारा माँ–बेटी का रिश्ता साफ देखा जा सकता हैं, साथ ही इरा उनके सर पर किस करती दिखाई दे रही हैं। मां बेटी का यह खास बॉन्ड दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। लंबे वक्त बाद इरा खान ने अपनी मां पर खूब प्यार लुटाया है।जहां इन प्यारभरी तस्वीर में इरा खान मां को किस कर रही है तो वहीं रीना दत्ता कैमरे की ओर देखते हुए मुस्कुराती नजर आ रही हैं। इरा खान ने ब्लैक ब्रालेट टॉप के साथ व्हाइट ओपन शर्ट कैरी की हुई है जिसमे वह सिम्पल पर बड़ी ही प्यारी लग रही हैं, तो वही मां रीना दत्ता ने लेवेंडर कलर की साड़ी के साथ माथे पर बड़ी लाल बिंदी लगाई हुई है। इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए इरा खान ने कैप्शन में लिखा, लव यू मम्मा.



. जी हाँ...! 21 नवंबर 2022 को आमिर खान की बेटी इरा खान ने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे के साथ खास दोस्तों और करीबी रिश्तेदारों के बीच सगाई की थी। जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती नजर आयी थी। तो वही बात करे इनके ओउत्फिट्स की तो इरा खान ने अपने इस स्पेशल डे पर रेड स्ट्रेपलेस गाउन पहना हुआ था। तो वही उनके पार्टनर नूपुर शिखरे की तारीफ में इरा खान ने लंबा चौड़ा पोस्ट साझा करते हुए उनसे अपने प्यार का खुले दिल से इजहार किया था जिसमे इरा अपने दिल के हर एक जज्बात बया करती नजर आयी थी। इरा और नूपुर की इंगेजमेंट सेरिमनी में आमिर खान, रीना दत्ता, किरण राव, फातिमा सना शेख, इमरान खान, मंसूर खान जैसे सितारों ने महफिल जमाई थी। इनकी इंगगमेंट जितनी सिंपल थी उतनी ही खुबसूरत भी नजर आयी थी।

# होली के एक दिन पहले उदय होने वाले हैं शनिदेव, इन राशियों की बढ़ाएंगे समस्या

न्याय के देवता शनि देव किसी पर इतनी जल्दी मेहरबान नहीं होते लेकिन जिस पर होते हैं उसका भाग्य उदय कर देते हैं। इस बार न्याय के देव होली से एक दिन पहले उदय होने वाले हैं। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो 6 मार्च को रात में शनि देव कुंभ राशि में उदय होंगे। वहीं मान्यताओं के अनुसार, शनिदेव का इस तरह से उदय होना इन राशियों की मुश्किलें बढ़ा सकता है। इसलिए 6 मार्च के बाद इन राशियों को थोड़ा ध्यान से चलना होगा। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

कन्या राशि

शनि के उदय होने से इस राशि के जातकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार के साथ आपके मतभेद बढ़ सकते हैं। अनजान लोगों से थोड़ा सावधान रहें रुपये के लेन देन में थोड़ी सावधानी बरतें। लोगों के साथ अपने सीक्रेट शेयर न करें। वाणी पर काबू रखें। यदि वाणी अनियंत्रित हुई तो रिश्ते बिगड़ सकते हैं। इसके अलावा दांपत्य जीवन में भी खटास पैदा हो सकती है।

मकर राशि

शनि का उदय होना मकर राशि के जातकों के रिश्ते भी प्रभावित होगा। भाई–बहनों के साथ संपत्ति के लेकर भी थोड़ा विवाद हो सकता है। इसके अलावा सेहत के लिए भी समय अच्छा नहीं दिख रहा। करियर के अनुसार, भी यह समय थोड़ा कठिन नजर



आ रहा है। नौकरी व्यापार के अच्छे ऑफर आपके हाथ से जा सकते हैं। खासकर आप लोगों को शनि देव के उदय होने के बाद प्रोफेशनल लाइफ में संभलकर चलना पड़ेगा।

मेष राशि

यदि आप लोग किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो अभी के लिए अपनी योजना टाल दें। निवेश करने वालों के लिए यह समय थोड़ा मुश्किल हो सकता है। खर्चे बढ़ सकते हैं और आय के साधन रुक सकते हैं।पैसे की तंगी बढ़ सकती है। कर्ज और खर्चे के कारण आप परेशान हो सकते हैं। सहकर्मियों के साथ रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसके अलावा आपके रिश्ते भी प्रभावित होंगे।

मीन राशि

यदि आप लोगों ने कोई जल्दबाजी में फैसला लिया तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पैसे की फिजूलखर्ची से बचें। बेवजह की चीजों पर खर्च करने से आपका बजट बिगड़ सकता है। नौकरी व्यापार में होने वाले लाभ में कमी आ सकती है। वाहन सावधानी से चलाएं नहीं तो दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा दूसरों का वाहन मांगकर भी न चलाएं।

वृश्चिक राशि

व्यापार में नुकसान होने के भी योग बन रहे हैं। कोई फायदेमंद डील आपके हाथ से बाहर निकल सकती है। खासकर व्यापारी वर्ग के लिए यह समय अनुकूल नहीं है। दांपत्य जीवन में आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पति–पत्नी के बीच अनबन हो सकती है। गृह कलेश और तनाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

# तुनिशा शर्मा केस में शीजान खान को मिली जमानत

अलीबाबा दास्तान एक काबुल में लीड रोल निभाने वाली अभिनेत्री तुनिशा शर्मा सुसाइड केस मामले में अभिनेत्री के को–स्टार शीजान खान को गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से शीजान जेल में बंद थे। अब करीब तीन महीने के बाद शीजान को राहत मिली है और कोर्ट ने उनको जमानत दे दी है। आज शीजान की रिहाई हो गई है। बाहर आते ही शीजान ने सबसे पहले अपनी बहनों को गले लगाया है। अभिनेता के परिवार के लोग काफी समय से उनको छुड़ाने की कोशिश में लगे हुए थे।बीते 4 मार्च 2023 को मुंबई की ठाणे सेंट्रल जेल ने जमानत दे दी है। शीजन को एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। अब शीजान के बाहर आने पर अभिनेता की बहने और उनके परिवार के लोग काफी खुश हैं। शीजान खान जेल से बाहर मास्क लगाकर आए थे, आते ही उन्होंने सबसे पहले अपनी दोनों बहनों को गले लगाया। भाई को गले लगाते ही बहन काफी भावुक हो गई।

# पाचन तंत्र से लेकर हड्डियां तक को मजबूत बनाती है छाछ, जानिए इसे पीने के बेशुमार फायदे

सर्दियों ने अलविदा कह दिया है और गर्मी का मौसम धीरे–धीरे दस्तक दे रहा है। ऐसे में हमें खाने से ज्यादा कुछ ठंडा और हेल्दी पीने की तलब लगती है। इसपर अगर एक गिलास ठंडी–ठंडी छाछ मिल जाए तो मानों आपका दिन बन जाता है। इतना ही नहीं गर्मियां को मौसम में यह हमारे पेट के लिए भी एक बेहतरीन इलाज है। लंच या डिनर के बाद इसे पीने से न केवल पाचन में सुधार होता है बल्कि एसिडिटी से भी बचाव होता है। यह अद्भुत पेय क्रीम से मक्खन बनाने की प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होता है, जो प्रोबायोटिक गुणों से भरपूर होता है और गर्मियों में तापमान बढ़ने पर आपके आंत के स्वास्थ्य का पूरी तरह से ध्यान रखता है....



.पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है शरीर के पाचन को बेहतर बनाने में छाछ बहुत फायदेमंद है। यह अपच की समस्या को हल करने में मदद करता है, क्योंकि बेहतर यह प्रोबायोटिक्स में समृद्धि है जो शरीर में आंत के विकास को बढ़ावा देता है। यह इस प्रकार शरीर की प्रतिरक्षा को भी बढ़ावा देने में मदद करता है।

एसिडिटी में राहत देता है

ज्यादातर लोगों में एसिडिटी सबसे आम स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एसिडिटी से सेहत खराब हो जाती हैं। भोजन के बाद छाछ का सेवन एसिडिटी से तुरंत राहत प्रदान करने में मदद करेगा। इससे पेट की जलन से भी राहत मिलती है।कैंसर और हाई कोलेस्ट्रॉल के जोखिम को कम करता है छाछ में बायोएक्टिव प्रोटीन होता है जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नीचे लाने में मदद करता है। यह हृदय से जुड़ी कई बीमारियों से बचाता है और शरीर में रक्त के प्रवाह को नियंत्रित करता है। यह कैंसर के खतरे को भी कम करता है क्योंकि यह प्रकृति में ए ंटीब ैक्ट ेरियल, एंटीकार्सिनोजेनिक है।वजन घटाने में सहायक नियमित छाछ का सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। छाछ में कैलोरी और फैट की मात्रा बहुत कम होती है। यह एक तरह से फैट बर्नर का काम करता है।

हड्डियों की मजबूती

भरपूर मात्रा में कैल्शियम होने के कारण छाछ हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसका नियमित सेवन ऑस्टियोपोरोसिस नाम की बीमारी से बचाता है।



# एएसआई पर जबरन मारपीट करने का आरोप: निलंबित एएसआई रविंद्र पाठक के पक्ष में आया ब्राह्मण समाज, बोले- निष्पक्षता से हो मामले की जांच

**श्योपुर** निलंबित एएसआई रविंद्र पाठक के खिलाफ जाट समाज के लोगों की ओर से एफआईआर किए जाने की मांग के बाद ब्राह्मण समाज एएसआई पाठक के पक्ष में खुलकर सामने आ गया है। शुक्रवार की शाम ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसपी आलोक कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच निष्पक्षता के साथ करने की मांग की। सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने कहां कि, एएसआई रविंद्र पाठक को शिकायत के आधार पर बिना किसी जांच के तत्काल निलंबित कर दिया गया है, इसके बाद भी कुछ लोग राजनीतिक फायदे के लिए और सामाजिक भेदभाव बढ़ाने के लिए अनायास तरीके से निलंबित एएसआई पर एफआईआर किए जाने की मांग कर रहे हैं, जो न्यायोचित नहीं है। ब्राह्मण समाज के लोगों की मांग है कि, जांच पूरी निष्पक्षता से की जाए न की राजनीतिक दबाव में ।



अगर जांच निष्पक्षता से नहीं हुई और हमारे समाज के एएसआई पर गलत तरीके से कार्रवाई हुई तो हमारा ब्राह्मण समाज चुप नहीं बैठेगा।

साथ ही कहा कि हम जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश भर में आंदोलन करेंगे। एसपी आलोक कुमार सिंह ने ब्राह्मण समाज के लोगों को आश्वासन दिया है कि, वह किसी भी तरह के दबाव में काम नहीं करते, जांच पूरी निष्पक्षता के साथ की जाएगी, किसी भी तरह का कोई भेदभाव नहीं होगा।बता दें कि, जाट समाज के युवा कन्हैया जाट ने शहर के पाली रोड इलाके में संचालित पुलिस पेट्रोल पंप के प्रभारी एएसआई रविंद्र पाठक पर जबरन मारपीट करने,पिस्टल तानने सहित कई अन्य आरोप लगाए थे, इस मामले में शिकायत मिलने के बाद एसपी आलोक कुमार सिंह ने एएसआई को तत्काल निर्मित करके पुलिस पेट्रोल पंप से हटाकर 3 दिन पहले पुलिस लाइन भिजवादिया।शुक्रवार को जाट समाज के लोग निलंबित एएसआई पर एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग लेकर पहले पुलिस पेट्रोल पंप पर धरना देकर बैठे, फिर पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था, मामले को बढ़ता देख ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपने समाज के एएसआई के बचाव में उतर आए। उन्होंने भी देर शाम एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष तरीके से मामले की जांच और कार्रवाई करने की मांग की है।

# राज्यपाल कलराज मिश्र ने आई माता धाम के किये1 दर्शन

## गाजों बाजों के साथ दीवान की अगवानी



पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा

**जोधपुर।**बिलाड़ा राज्यपाल कलराज मिश्र का यहां बिलाडा बडेर में आई पंथ के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह एवं गणमान्य लोगों ने गाजों बाजों के साथ अगवानी कर उनका भव्य स्वागत किया । पश्चात दीवान ने राज्यपाल को आई माता मंदिर मैं माताजी के दर्शन करवाएं तथा छ सौ वर्ष से जल रही अखंड केसर ज्योत के दर्शन करवाएं। ज्योति के ऊपर रखे पात्र पर काजल के स्थान पर केसर को देख वे अभिभूत हो गए। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा ऐसा चमत्कार उन्होंने पहली बार यहां माता के धाम में ही देखा है। दीवान माधवसिंह ने राज्यपाल को आई माता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मीरा बाई जिस प्रकार कृष्ण भक्ति में स-शरीर कृष्ण में विलीन हो गई। उसी प्रकार आई माता भी स-शरीर ब्रह्मलीन हो गई और पीछे अपने वस्त्र , छड़ी आधी छोड़ गई । जिनकी 600 वर्षों से यहां पूजा अर्चना की जा रही है। माताजी ने ही आकाशवाणी के जरिए कहा था कि जब तक इस ज्योति पर काजल के स्थान पर केसर पड़ेगा तब तक जानना कि मैं यही हूं तथा दीवान के द्वारा कहे गए वचन मेरे द्वारा कहे गए वचनों की तरह मानना। दीवान द्वारा दी गई जानकारी को मिश्र ने बड़े मनोयोग से सुना। राज्यपाल जोधपुर से विशेषकर आई माता के दर्शनों के लिए ही यहां पहुंचे और आने पर दीवान ने उन्हें फूल माला पहनाई ओर शाल ओठाकर कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सीरवी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धनाराम लालावत, कोतवाल पेमाराम, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील के पवार वर्धा अधिकारी भूपेंद्र सिंह शेखावत उपखंड अधिकारी भवानी सिंह चारण तहसीलदार वीरेंद्र सिंह शेखावत पालिकाध्यक्ष रूप सिंह परिहार थाना अधिकारी नरेंद्र पवार पीपाड़ थाना अधिकारी गेवर सिंह गुसाईं वालों भी मौजूद रहे राज्यपाल के यहां पहुंचने से पूर्व जिला मुख्यालय से डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची राज्यपाल के यहां से रवाना होने से पूर्व दीवान माधव सिंह ने आई माता जी की बड़ी तस्वीर भेंट की जिसे ग्रहण कर राज्यपाल ने दीवान का आभार व्यक्त किया रवाना होने से पूर्व एक बार फिर दीवान से हाथ मिलाया और पूर्व में साथ रहे समय को भी याद किया राज्यपाल ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि आप सभी भाग्यशाली है कि इस पौराणिक और धार्मिक नगरी के वाशिंदे हैं

# जहां नारी का सम्मान होता है वहां पर देवी देवता वास करते है





पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

**मालनपुर /**औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित जमुना ऑटो इंडस्ट्रीज ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिलाओं को सम्मानित कियाद्य कंपनी के डी जी एम एन एम क्यू सम्सी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कंपनी में कार्यरत तीन महिलाओं का सम्मान किया गया कंपनी के डी जी एम ने कहा कि आज नारी अपने साहस के बल पर पूरे आत्म विश्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है द्यनई सदी की नारी के पास कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की अपार क्षमता है द्य समाज के दो पंख है एक स्त्री व दूसरा पुरुष यह दोनों पंख समान होंगे तभी समाज, देश व राष्ट का विकास होगा। जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते है। हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। कंपनी के एचआर मैनेजर महेंद्र सिंह उन्होंने कहा कि संस्कारों की जन्मदात्री नारी शक्ति ही है। कार्यक्रम में कंपनी मैं कार्यरत कार्यरत रेणु राजावत, मीना एवं अफसाना तीनों ही महिलाओं को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गयाद्य इस अवसर पर कंपनी के तमाम अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे

# छत्तीसगढ़ की अनोखी परम्परा:होलिका दहन के बाद गॉव की सुख शांति के लिए अंगारों पर चलते हैं ग्रामीण



संवाददाता हेमचंद नागेश

**देवभोग**...जिले के मैनपुर ब्लॉक के गोहरापदर और देवभोग ब्लॉक के घोघर और मुंगिया गॉव में होलिका दहन के बाद आस्था और श्रद्धा के चलते ग्रामीण धधकते हुए अंगारों के ऊपर नंगे पैर चलते हैं। इस काम में युवाओं से लेकर उम्रदराज बुजुर्ग तक पीछे नहीं रहते। ग्रामीणों का दावा है कि आग पर चलने के बाद भी किसी ग्रामीण के ना तो पैर जलते हैं और न ही कोई और परेशानी होती है। सभी ग्रामीण बारी-बारी से आग पर से निकलते हैं।मामला देवभोग ब्लॉक के घोघर,मुंगिया और ग्राम पंचायत गोहरापदर का है। घोघर में ग्रामीण पिछले कई साल से होली पर आग पर से निकलते आ रहे हैं, वहीं गोहरापदर में करीब सौ सालों से ये परंपरा चली आ रही है। युवा व बुजुर्ग जलते हुए अंगारों पर ऐसे चलते हैं, मानो जैसे फूलों पर चल रहे हो।

**परम्परा को पूरी श्रद्धा के साथ निभाते है ग्रामीण**-ग्रामीण अपनी इस परंपरा को पूरी श्रद्धा से निभाते आ रहे हैं। घोघर गॉव के चौराहे पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से होलिका दहन किया जाता है। पंचायत के सरपंच व गॉव के पुजारी बृजलाल सोरी ने बताया कि यह परम्परा कई साल पुरानी है.. बृजलाल के मुताबिक होलिका दहन के बाद सबसे पहले धधकते हुए अंगारों पर वे खुद चलते है.. इसके बाद पुरे गॉव के लोग देवी का जयकारा करते हुए अंगारों के बीच से होकर गुजरते है.. ग्रामीण घनश्याम सोनवानी की माने तो अंगारों के बीच से होकर गुजरने पर ठंडकता का अहसास होता है.. घनश्याम ने बताया कि गॉव की सुख समृद्धि की कामना कर सभी ग्रामीण अंगारों के बीच चलकर गुजरते है...

**होलिका दहन के बाद अंगारों पर चलने की प्रथा है**-होलिका दहन के बाद धधकते हुए अंगारों के ऊपर से नंगे पैर चलने का सिलसिला करीब सौ वर्षों से चल रहा है। इसके शुरू होने के पीछे का कारण ग्रामीण प्राकृतिक आपदाओं से गॉव को बचाना मानते है..वहीं आस्था इतनी है कि पर्व आने के कई दिन पहले से ही ग्रामीणों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस आयोजन में भाग लेते हैं

# होली के रंग में डूबा गोहरापदर,उत्साह से सराबोर नगरवासी झूम उठे,धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव

संवाददाता हेमचंद नागेश

**गोहरापदर** होली का त्योहार पूरे देश भर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं.तो इस पावन पर्व गोहरापदर नगर भी कहाँ अछूता रहता रंगोत्सव पर नगर वासी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सभी से मिले और एक दूसरे को बधाई.गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए ग्राम पटेल,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ग्राम की देवी डोकरीबूढ़ी,माँ शीतला का आशीर्वाद लेकर ग्रामीणों से मिलते



होली की बधाई देते हुए शिव मंदिर पहुँचे जहाँ पूजा अर्चना कर बजरंग चौक में होली मिलन हुआ.जहाँ सभी ने रंग लगाकर बधाई दीं।भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने सभी को मिठाई खिलाई.अंतिम में ग्राम पटेल,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी के निवास में उन्होंने बधाई संदेश दिया।

ग्राम के युवक उत्साह में डूबे रहे.बड़ों का आशीर्वाद लेकर रंग गुलाल लगाते हुए उल्लास से पर्व मनाया गया।गाजे बाजे की धुन में सभी नवयुवक थिरकते रहे।

## कोतवाली पुलिस कि बड़ी सफलता

# होली के त्यौहार पर अस्पताल के गार्ड से मारपीट करने वालों को पुलिस ने चंद घंटो में किया गिरफ्तार

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के द्वारा त्यौहारों में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतत भ्रमण करने एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए धरपकड़ करने हेतु आदेशित किया गया था। होली पर्व के दिन रात्रि के समय शासकीय जिला अस्पताल में ड्यूटी में कार्यरत गार्ड के साथ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गाली गलौच करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम देते हुये बुरी तरह घायल कर दिया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को चिन्हित करते हुए वैधानिक कार्यवाही करने हेतु कोतवाली पुलिस को आदेशित किया गया था। कोतवाली थाना प्रभारी विजय सिंह राजपूत द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की



गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई जिसे कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा चिन्हित करते हुए चंद घंटों में गिरफ्तार किया गया एवं घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया जायेगा। घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में रंजीत वंशल पिता रामलाल वंशल उम्र 32 साल, आकाश वंशल पिता मुन्ना लाल वंशल, कैलाश वंशल पिता लल्ला वंशल उम्र 20 साल स्थानीय कैदो की तलैया निवासी सिविल वार्ड के बताये गए है इस दौरान सराहनीय कार्य करने वालें सदस्यों में टीआई विजय सिंह राजपूत,उप निरी रोहित द्विवेदी, उप निरी आलोक तिरपुडे, उप निरी प्रियंका पटेल,सउनि अल्जार सिंह, प्रधान आरक्षक हीरा, प्रधान आरक्षक अर्जेन्द्र,,आरक्षक रानू,आरक्षक हेमन्त राठौर, आरक्षक नवीन का विशेष योगदान रहा।

## दमोह पुलिस कि होली

# डीजे कि धुन और रंगगुलाल में रंगे पुलिस



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** पुलिस लाइन रक्षित कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।होली के पर्व के दूसरे दिन पुलिस कर्मियों के द्वारा होली को मनाया जाता हैं उसी तारताम्य में ब?ी संख्या पुलिस स्टॉफ के द्वारा पुलिस ग्राउंड पर जमकर होली खेली गई और सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया।होली के इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह , सीएसपी प्रभारी भावना दांगी, कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत,देहात थाना प्रभारी अमित मिश्रा, सविता रजक, यातायात प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जम कर होली खेली एवं डीजे की धुनपर होली के गानों पर एसपी सहित सभी ने जमकर ठुमके भी लगाये।

सी. एस. भदौरिया
लेबर सप्लायर & कॉन्ट्रेक्टर



अपील
स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान, क्लीन ग्वालियर, ग्रीन ग्वालियर
स्वच्छ भारत अभियान में सहभागी बनें
छोटे सिंह भदौरिया
रजनीगंधा इंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर म.प्र.
संपर्क: 9755383340

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478